www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 96 । नर्मदापुरम, गुरुवार 3 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते : रेलवे की सतर्कता से तीन नाबालिग बच्चों को भीख मंगवाने से बचाया — पृष्ठ 2

- योगी बंदर की लीला और जनजागरुकता
- नये भाजपा अध्यक्ष के चयन में और देरी संभव — पृष्ठ 4

- भारत ने इंग्लैंड पर 2-0 से बढ़त बनाई — पृष्ठ 5

मजदूर मां-बाप ने खेतों में पसीना बहाया, बेटे ने एनआईटी में परचम लहराया — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### सांसद ने अपनी बेटी का दाखिला शासकीय स्कूल में कराया



**भोपाल, देशबन्धु।** शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अपनी बेटी गिरीश नंदिनी सिंह का दाखिला अनूपपुर जिले के ग्राम राजेंद्र के शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय में कराया है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के इस निर्णय की सराहना की।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस सकारात्मक संदेश से अन्य जन–प्रतिनिधियों एवं नागरिकों को प्रेरणा मिलेगी। जन–सामान्य में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

### मोदी 5 देशों की यात्रा पर रवाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अफ्रीका, कैरेबियाई और दक्षिण अमरीकी क्षेत्र के पांच देशों की यात्रा पर बुधवार सुबह रवाना हुए। आठ दिन की इस यात्रा के दौरान मोदी घाना, त्रिनिदाद एवं टोबेगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामिबिया जाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के लिए प्रस्थान करने से पहले एक वक्तव्य में कहा कि मुझे विश्वास है कि इन पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री चार और पांच जुलाई को अर्जेंटीना में होंगे और वहां से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डि जेनेरियो जाएंगे और वहां पांच से सात जुलाई तक ब्रिक्स की बैठकों में हिस्सा लेंगे।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन 31 जुलाई तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

### भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ उदयगिरि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौसेना के तरकश में तमाल के बाद एक और घातक तीर जुड़ गया है, वो है उदयगिरि। तमाल रूस में बना है तो उदयगिरि अपने देश में। प्रोजेक्ट 17 ए के तहत मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इसे तैयार किया हैं। मझगांव डॉकयार्ड ऐसे सात फ्रिगेट बना रहा है जिसमे उदयगिरि दूसरा है। यह लॉन्चिंग के 37 महीने में नौसेना को हैंड ओवर कर दिया गया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उदयगिरि को आप शिवालिक क्लास का आधुनिक संस्करण कह सकते हैं। वैसे ये नीलगिरी क्लास का दूसरा फ्रिगेट हैं। यह मल्टी मिशन फ्रिगेट ब्लू वाटर नेवी संचालन में सक्षम है। यह भारत के समुद्री इलाके में पारंपरिक और आपारंपरिक खतरों का मुकाबला करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

### सावित्रीबाई फुले के नाम से अब जाना जाएगा एनआईपीसीसीडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठन राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। बुधवार को एक विज्ञप्ति में महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हवाले से कहा गया है कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को एक श्रद्धांजलि है और यह महिला एवं बाल–केंद्रित विकास के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

देश में बाढ़-बारिश का कहर : भूस्खलन से चलते कई सड़कें बंद

# हिमाचल में 16 जगह बादल फटे, अब तक 51 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के कई राज्यों में भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां उत्तराखंड में चार धाम यात्रा पर रोक लगाई गई है, कई नदियां उफान पर हैं और शहरों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में 20–21 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले 30 जून की रात मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे।

इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड–बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 22 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मंडी के पास सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद



भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया। घटना के वक्त इसमें 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी ने किसी तरह भागकर जान बचाई।

राजस्थान के अलग–अलग हिस्सों में हो रही बारिश आफत बन गई है। कोटा के मोड़क कस्बे में बाढ़ के हालात हैं। घर, स्कूल, हॉस्पिटल, एटीएम तक में पानी भर गया है। चार–चार फीट तक पानी घरों में बह रहा है। चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में गूंजली नदी का पानी पुल के ऊपर से तक बह रहा है। आधा दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है।

### काशी में गंगा का जलस्तर बढ़ा, 20 मंदिर जलमग्न

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 8.8 मिमी बारिश हुई है, जो कि नॉर्मल 7.2 से 15 प्रतिशत कम है। यूपी में बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे स्थित 20 छोटे मंदिर जलमग्न हो गए हैं। मणिकर्णिका घाट तक पानी पहुंच गया है। गंगा द्वार घाट से मणिकर्णिका घाट का संपर्क टूट गया है। स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जल्द ही घाटों पर घूमना–फिरना बंद हो जाएगा। उन्नाव में जोरदार बारिश हुई है। यहां परियर चौकी में पानी घुस गया, जिसे सिपाहियों ने बाल्टी से निकाला।

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सुनाया फैसला

# शेख हसीना को 6 माह जेल की सजा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया।

बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है।

### अदालत की अवमानना का ठहराया दोषी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था। इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।

# 80 साल की मां ने बेटे के साथ आसमान में लगाये गोते



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उम्र, बीमारी और ऊंचाई डॉ. श्रद्धा चौहान के लिए कोई मायने नहीं रखती, जिन्होंने अपने 80वें जन्मदिन को विश्वास की छलांग के साथ मनाया। चक्कर, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और प्रोलैप्स्ड स्पाइनल डिस्क को चुनौती देते हुए, वह 10,000 फीट से छलांग लगाकर टेंडम स्काईडाइव पूरा करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला बन गईं।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि को उनके बेटे ब्रिगेडियर सौरभ सिंह शेखावत की मौजूदगी ने और भी खास बना दिया, जो स्काईहाई इंडिया में एक कुशल सैनिक, पर्वतारोही, घुड़सवार और स्काईडाइविंग प्रशिक्षक हैं। साथ में, उन्होंने एक मील का पत्थर मनाने के लिए आकाश में उड़ान भरी, जिसने तब से हजारों लोगों के दिलों पर कब्जा कर लिया है।

स्काईहाई इंडिया द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई छलांग का एक वीडियो पहले ही 1,26,000 से अधिक बार देखा जा चुका है। क्लिप एक शक्तिशाली परिचय के साथ शुरू होती है: भारत में स्काईडाइव करने वाली सबसे उम्रदराज महिला से मिलें। वह 80 वर्ष की हैं। कैप्शन में लिखा है : एक माँ। एक मील का पत्थर। एक ऐसा पल जो उड़ान भर गया। हिम्मत की कोई उम्र नहीं होती। प्यार की कोई ऊँचाई नहीं होती। वीडियो में, ब्रिगेडियर शेखावत गर्व से अपनी माँ का परिचय देते हैं : वह 80 साल की हो रही हैं। और आज मुझे अपनी माँ के साथ कूदने का सौभाग्य और सम्मान मिला है। एक दिल को छू लेने वाले पल में, डॉ. चौहान अपने बेटे के गाल पर एक चुंबन देते हैं और उसे जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हैं, जिससे शांति और आत्मविश्वास झलकता है। वह उस दिन अपने पूरे हुए जीवन भर के सपने को याद करती हैं : तमन्ना जो बचपन में थी कि हम भी आकाश में उड़े जैसे हवाई जहाज़ उड़ रहे हैं, वो हमारे बेटे के द्वारा इच्छा पूरी हो रही है, बहुत गर्व का पल है। (बचपन से ही मेरा सपना था कि मैं हवाई जहाज की तरह आसमान में उड़ूं, लेकिन अब मेरा बेटा मुझे पूरा कर रहा है। यह बहुत गर्व का पल है।) विमान में चढ़ते समय अपने बेटे का हाथ थामे डॉ. चौहान ने अटूट उत्साह दिखाया। पूरी तरह से तैयार और निडर मां–बेटे की जोड़ी ने खुले आसमान में छलांग लगाई और जयकारों और जश्न के बीच सुरक्षित उतर गए। वीडियो का अंत उनके जन्मदिन का केक काटने और दिल से शुभकामनाएं प्राप्त करने से होता है – उनमें से एक वीडियो कॉल के माध्यम से है – और फिर स्क्रीन पर संदेश आता है- क्योंकि साहस की कोई उम्र नहीं होती। जन्मदिन मुबारक हो, आयरन लेडी। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी तारीफ की। एक टिप्पणी में लिखा था, क्या सपना सच होने जैसा पल है... सर, आप और आपकी मां दोनों ही कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। जन्मदिन की शुभकामनाएं मैडम। एक अन्य ने लिखा, वाह... यह कितना अद्भुत और प्रेरणादायक है। आपको और शक्ति मिले! ब्रिगेडियर शेखावत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा– इस तरह के प्यार, स्नेह और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का बहुत–बहुत धन्यवाद। घर पहुँचने के बाद, मैं अपनी माँ को सभी संदेश पढ़ने के लिए कहूँगा क्योंकि वह इंस्टाग्राम पर नहीं हैं। एक बार फिर, आप सभी का धन्यवाद।

सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, निर्वाचन अधिकारी धर्मेन्द्र प्रधान ने सौंपा प्रमाण पत्र

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद पर खंडेलवाल की ताजपोशी, बोले- अनुशासन सर्वोपरि




**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष पद पर हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी हो गई है। उन्हें सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। केन्द्रीय मंत्री एवं चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र प्रधान ने उनके विधिवत निर्वाचन की घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। श्री खंडेलवाल ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। पार्टी के लिए अनुशासन सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि दाएं–बाएं करने वाले को दिक्कत होगी।

पार्टी में सब मिलकर काम करते हैं। इस वजह से यहां पर सभी का सम्मान होता है। भाजपा का परिवार कई वर्षों से कांग्रेस के विरुद्ध झंडा बुलंद करता आया है। और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी को बुलंदियों पर बरकार रखना है, आगे भी ले जाना है। भाजपा किसी भी कार्यकर्ता को उसकी क्षमता के अनुरूप पद पर बैठाती है। उन्होंने कहा कि विश्व गुरु आज हम नरेंद्र मोदी जी के कारण हैं। अमित शाह, जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में हमें काम करना है। पहले एक मिथक था कि हम पांच साल पूरा नहीं कर पाते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने इस मिथक को तोड़ा है, वो कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए और वो मिथक टूट गया। श्री खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की भी तारीफ करते हुए कहा कि वे हमारे प्रदेश में रोजगार और उद्योगों को लाने का काम कर रहे हैं।

### हम की भावना से बढ़ती है हमारी ताकत : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता इस भाव से काम नहीं करता कि मैं राजनीति कर रहा हूं। वह क्षेत्र के विकास और भारत माता की सेवा के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि अपनी भूमिका को कैसे और आगे बढ़ाऊ, अपनी कमजोरियों को दूर कर किस तरह से अच्छाईयों को धारण करूं। इसी भावना के साथ हमारी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो गई और किसी को पता नहीं चला। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे बीच तुम नहीं, हम की भावना है इसी से हमारी ताकत बढ़ती है।

### खंडेलवाल सहज नेता : प्रधान

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में हेमंत खंडेलवाल को सहज, विनम्र राजनेता बताते हुए कहा कि वह सबको साथ लेकर चलने वाले हैं। श्री प्रधान ने डॉ. मोहन यादव सरकार की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार पूरी निष्ठा से जनता की सेवा में लगी है और भाजपा को कई अनुभवी नेताओं का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति में आज एक नया अध्याय जुड़ रहा है।

### शर्मा ने भावुक होकर ली विदाई, मांगी माफी

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभाल संभालने से पहले हेमंत खंडेलवाल को निवर्तमान अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी का ध्वज सौंपा और भावुक होकर विदाई ली। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि मेरे पांच साल चार महीने के कार्यकाल में यदि मेरे किसी व्यवहार से किसी को ठेस पहुंची हो, तो मैं क्षमा चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में भाजपा की उपलब्धियों के पीछे 41 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण है, जिन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया।

### शिवराज ने विष्णु के कार्यकाल की सराहना की

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विष्णुदत्त शर्मा और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भाजपा का शुभंकर बताया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी ने हर चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। शिवराज ने हेमंत खंडेलवाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि वे इसे पूरी लगन और कुशलता से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शर्मा के नेतृत्व में भाजपा को पंचायत, नगरीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जीत मिली।

# संसद की सुरक्षा में सेंध के आरोपी नीलम-महेश को राहत

### दिल्ली हाईकोर्ट ने 50 हजार रुपए के निजी बॉण्ड पर दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50–50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। निचली अदालत ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी है। मामला 2023 का है, जिस दिन संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी भी थी। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सागर शर्मा और मनोरंजन डी दर्शक दीर्घा से नीचे सदन में कूद गए थे। उन्होंने जूते से स्मोक कैन निकालकर पीली गैस छोड़ी और नारेबाजी की। लगभग उसी समय, दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद परिसर के बाहर रंगनी गैस छोड़ी और नारेबाजी की। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### हफ्ते में 3 दिन थाने में देंगे हाजिरी

अदालत ने जमानत देने से पहले कुछ शर्तें भी रखी हैं। न्यायाधीश ने उन्हें मीडिया को साक्षात्कार न देने और घटना से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट न करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा दोनों व्यक्तियों को हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे संबंधित पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने और दिल्ली–एनसीआर से बाहर न जाने का भी निर्देश दिया है।

कोविड के बाद मौतों पर आईसीएमआर के शोध में दावा

# अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने अपने शोध में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है।

### 18 से 45 साल के लोगों की मौतों पर किया गया शोध

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट के मामले रेयर हैं। शोधी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफ स्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोवीशील्ड बनाई थी। आईसीएमआर व एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों की वजह समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इसके लिए दो रिसर्च स्टडी की जा रही हैं। पहली पिछले डेटा पर आधारित थी और दूसरी रियल टाइम इन्वेस्टिगेशन से जुड़ी है। पहला शोध कोविड वैक्सीन से अचानक मौत का जोखिम नहीं। आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी ने मई, 2023 से अगस्त, 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों पर स्टडी की। इसमें ऐसे लोगों का डेटा देखा गया जो स्वस्थ दिख रहे थे, लेकिन अक्टूबर, 2021 से मार्च, 2023 के बीच अचानक उनकी मौत हो गई। नतीजों से पता चला कि कोविड वैक्सीन अचानक मौत का जोखिम नहीं बढ़ाती। दूसरा शोध अधिकतर मौतों का कारण जेनेटिक म्यूटेशन।

### अचानक मौत होने के कई कारण : सरकार

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की है और जांच में पाया गया है कि इनका कोरोना वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं हैं। आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन–सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।

स्वतंत्र किसान पार्टी ने फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ खोला मोर्चा

# फाइनेंस कंपनियों की मनमानी नहीं सहेगा किसान, उठाएंगे सख्त कदम

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में फाइनेंस कंपनियों द्वारा आदिवासी और गरीब किसानों को ठगने का खेल चल रहा है। ये कंपनियां पहले तो अपने कर्मचारियों के माध्यम से ग्रामीणों को आसान किस्तों में वाहन खरीदने का लालच देती हैं, उन्हें लुभावने ऑफर दिखाकर झांसे में लेती हैं।इसके बाद उनसे कुछ रकम पहले जमा करवा ली जाती है और फिर वाहन फाइनेंस कर उन्हें सौंपा जाता है। शुरूआती कुछ समय तो सब कुछ सामान्य लगता है, लेकिन जैसे ही ग्रामीण किसी कारणवश एक-दो किस्तें नहीं भर पाते, कंपनी के कर्मचारी वाहन जबरन जब्त कर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सीधा-सीधा ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई और सपनों से धोखा है। स्वतंत्र किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अयाज खान ने प्रशासन से मांग की है कि जिले में समय-समय पर सक्रिय फाइनेंस कंपनियों की गहन जांच कराई जाए, क्योंकि कई कंपनियां मनमानी करते हुए उपभोक्ताओं का शोषण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में तो फाइनेंस कंपनियों के मैनेजर अपना नियम बनाए हुए बैठे हैं। आजकल प्राइवेट लोन देने वाले भी ऐसे ही लालच देकर ग्रामीणों को जाल में फंसा रहे हैं। कम ब्याज और आसान किस्तों के नाम पर लोन तो दे दिया जाता है, लेकिन फिर चुकौती में जरा सी देरी पर धमकियां दी जाती हैं।

## आज जम्मू वैष्णोदेवी दर्शन को निकलेंगे माता के सैंकड़ों भक्त

**इटारसी, देशबन्धु।** आधी सदी से वैष्णोदेवी के दर्शन करने इटारसी से माता के भक्त जाते रहे हैं। इस वर्ष वैष्णो देवी यात्रा का यह 50 वॉ वर्ष है। माता वैष्णोदेवी के दर्शन करने 3 जुलाई को झेलम एक्सप्रेस से करीब पांच सौ भक्तों का दल निकलेगा। 4 जुलाई को कटरा पहुंचकर भंडारा होगा और 5 जुलाई को सभी माता के दर्शन करेंगे।

यात्रा समिति के संयोजक सतीश बतरा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शहर के करीब 500 श्रद्धालुओं का जत्था 3 जुलाई को वर्ष मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए रवाना होगा। सभी यात्री रेलवे स्टेशन से सुबह 6:50 बजे झेलम एक्सप्रेस से रवाना होंगे। इससे पूर्व दुर्गा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से मां वैष्णो की एक शोभायात्रा भी ढोल ढमाकों के साथ निकाली जाती है।

# ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते : रेलवे की सतर्कता से तीन नाबालिग बच्चों को भीख मंगवाने से बचाया



**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम और बच्चों की सुरक्षा के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आरपीएफ भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बचाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि उप निरीक्षक अवधेश कुमार एवं आरक्षक कृष्ण कुमार ने गाड़ी संख्या 22538 में नर्मदापुरम से भोपाल तक गहन चेकिंग के दौरान स्लीपर कोच में एक बालक और दो बालिकाओं को यात्रियों से भीख मांगते हुए पाया। पूछताछ में बच्चों ने अपने नाम मानसी 15 वर्ष, अनुष्का 15 वर्ष और गणेसु (7 वर्ष), सभी निवासी नाला मोहल्ला, इटारसी, जिला होशंगाबाद (मध्यप्रदेश) बताया। बच्चों ने बताया कि उनके माता-पिता काम पर चले जाते हैं और वे अपना खर्च चलाने हेतु ट्रेनों में भीख मांगते हैं। आरपीएफ टीम ने तत्परता से तीनों बच्चों को आरपीएफ पोस्ट भोपाल ले जाकर बाल कल्याण समिति सदस्य धनीराम पवार को मोबाइल पर सूचित किया। उनके निर्देशानुसार तीनों बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बाल निकेतन भवन, हमीदिया रोड, भोपाल में सुपुर्द किया। भोपाल मंडल रेल प्रशासन द्वारा इस प्रकार की कार्यवाहियों के माध्यम से मानव तस्करी एवं बाल शोषण के विरुद्ध जागरूकता और सतर्कता बनाए रखते हुए यात्रियों से भी अपील की जाती है कि यदि कहीं इस प्रकार की गतिविधि नजर आए तो तत्काल रेल सुरक्षा बल या रेलवे अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते बच्चों को सुरक्षा प्रदान की जा सके।

छह घंटे में ही बांध का जलस्तर आधा फिट से अधिक बढ़ गया

# चौबीस घंटे में करीब डेढ़ फिट बढ़ा तवा बांध का जलस्तर, नर्मदापुरम में बारिश का दौर जारी

**बारिश ने चहुंओर ठंडक बिखेर दी है तवा बांध का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञानियों की राय में अभी बारिश ऐसे ही रंग दिखाएगी। लोगों ने राहत की सांस ली है।**

**इटारसी, देशबन्धु।** तवा बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पिछले चौबीस घंटे में यह करीब डेढ़ फिट बढ़ गया है। पहाड़ों और बैतूल क्षेत्र में बारिश के बाद तवा बांध के जलस्तर में इजाफा हो रहा है। आज छह घंटे में ही बांध का जलस्तर आधा फिट से अधिक बढ़ गया है।

आज सुबह तवा बांध का जलस्तर 1121.60 फिट था, जो जल भराव का 14.12 फीसद है। इसी तरह से सुबह 8 बजे यह 1121.80 फिट और दोपहर 12 बजे यह 1122.20 फिट हो गया। बांध की कुल जलभराव क्षमता 1166 फिट है। अभी तवा बांध में 14.92 फीसद जल भराव हुआ है। अभी तवा में कुल जलभराव से 43.8 फिट पानी कम है। दोपहर 12 बजे तक तवा के कैचमेंट एरिया में 1.40 मिमी वर्षा दर्ज हुई जबकि कुल वर्षा 128 मिमी हो चुकी है।

### अब तक वर्षा

नर्मदापुरम अब तक वर्षा 357.7 मिमी, पिछले वर्ष 104.4 मिमी, सिवनी मालवा 149 मिमी, पिछले वर्ष 107 मिमी, इटारसी 124.4 मिमी, पिछले वर्ष 138 मिमी, माखननगर 114 मिमी, पिछले वर्ष 72 मिमी, सोहागपुर 174 मिमी, पिछले वर्ष 141 मिमी, पिपरिया 213.4 मिमी, पिछले वर्ष 187.4 मिमी, बनखेड़ी 208 मिमी, पिछले वर्ष 151 मिमी, पचमढ़ी 272.8 मिमी, पिछले वर्ष 272 मिमी, डोलरिया 157.9 मिमी, पिछले वर्ष 90.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में अब तक 196.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

**इटारसी में सबसे कम वर्षा:-** इटारसी में पिछले वर्ष के मुकाबले आज की तारीख तक सबसे कम वर्षा दर्ज हुई है कि जबकि नर्मदापुरम जिले की सभी तहसीलों में पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक वर्षा हो चुकी है।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया

## मानूसूनी बादलों के बीच छिपा सूर्य होगा आज आप लोगों से दूर ...



**इटारसी, देशबन्धु।** वैसे तो मानसून के कारण इस समय सूर्यदर्शन कम ही हो पा रहा है, लेकिन शायद आपको महसूस न हो कि सूर्य 3 जुलाई गुरूवार को इस साल के लिये आपसे सबसे दूर है। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि 3 जुलाई गुरूवार को जब आप सोना आरंभ कर चुके होंगे तब रात्रि 1 बजकर 24 मिनट पर हमारी पृथ्वी सूर्य से 15 करोड़ 20 लाख 87 हजार 738 किमी की दूरी पर रहेगी। यह इस साल के लिये पृथ्वी की सूर्य से सबसे अधिक दूरी होगी। खगोल विज्ञान में इसे एफेलियन कहा जाता है। सारिका ने बताया कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर अंडाकार पथ में परिक्रमा करती है जिससे साल में वह जनवरी में सबसे नजदीक आती है तो जुलाई में वह सबसे दूर के बिंदु पर होती है। गुरूवार रात्रि यह सबसे अधिक दूरी पर होगी। तो शुक्रवार सुबह जागकर अगर सूर्यदर्शन हों तो ध्यान रखिये आप आपसे इस साल के सबसे दूर स्थित सूर्य के कर रहें हैं दर्शन।

**4 जनवरी को पृथ्वी की सूर्य से दूरी :-** 14 करोड़ 71 लाख 3 हजार 686 किमी 3 जुलाई को पर पृथ्वी की सूर्य से दूरी मध्यरात्रि 1:24 बजे 15 करोड़ 20 लाख 87 हजार 738 किमी।

## बजरंग दल 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मना रहा सेवा सप्ताह

**इटारसी, देशबन्धु।** बजरंग दल वर्ष में एक बार सेवा सप्ताह मनाता है। पूरे देश में 01 जुलाई से 07 जुलाई के मध्य सेवा सप्ताह पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के अंतर्गत आज बजरंग दल प्रखंड समिति इटारसी ने भगत सिंह नगर स्थित श्री दादा दरबार धाम के हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर की साफ सफाई व धुलाई तथा कचरा एकत्र कर स्वच्छता अभियान चलाया। विहिप जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य ही सेवा सुरक्षा एवं संस्कार है। इस पर वर्ष भर विभिन्न आयोजन तथा कार्यक्रम होते हैं। उक्त अवसर पर मंदिर के महंत दुर्गादास, विहिप जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप तिवारी, उपाध्यक्ष अनुरुद्ध चंसौरिया, संतोष शर्मा, नगर संयोजक संदीप यदुवंशी, धर्म जागरण प्रमुख वीरू बाथरी, आकाश मेहरा, संदीप चौरे, दीपक पटेल, गअभिषेक राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर कृषि उपज मंडी परिसर में किया पौधारोपण



**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह के अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित कर रहे हैं एवं कृषि उपज मंडी को हरा भरा बना रहे हैं। आज सिवनी मालवा के पत्रकार विनीत राठी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधे लगाये और कहा कि पौधे लगाना भविष्य के लिए एक उपहार है जो हमें ऑक्सीजन देता है और जीवन को हरा भरा बनाता है। पौधे लगाने से हम न केवल पर्यावरण को बचाते हैं बल्कि अपने जीवन को भी समृद्ध बनाते हैं। इस अवसर पर मंडी सचिव रामदीन इमने, मनोज चांडक, प्रमोद यादव, भगवान दास मालवीय, हितेश अग्रवाल, चुग्गी अग्रवाल, राजेन्द्र तोमर, प्रदीप साहू, फिरोज खान, राजकुमार साहू, कान्हा शर्मा, रामकिशोर पटेल, प्रदीप यादव, दीपेश ठाकुर, राजेश पटेल, अशोक चौधरी, दिव्यांशु अग्रवाल, पवन मित्तल सहित मंडी व्यापारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## नर्मदापुरम इटारसी में इस्कान आज निकालेगा जगन्नाथ रथयात्रा

**इटारसी।** इस्कान नर्मदापुरम द्वारा कल 3 जुलाई को लगातार दूसरे वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। इस्कान ने भक्तों को भगवान का रथ खींचने आमंत्रित किया है। रथयात्रा 3 जुलाई को श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक से दोपहर में प्रारंभ होगी। **ऐसा रहेगा रथयात्रा कार्यक्रम:-** रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व दोपहर 2:30 बजे भोग अर्पण होगा, 2:45 बजे भगवान की महाआरती होगी तथा 3:15 बजे रथयात्रा प्रारंभ की जाएगी। संपूर्ण रथयात्रा के दौरान भक्तों को महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। रथयात्रा का मार्ग यह रहेगा श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर रथयात्रा जयस्तंभ चौक होते हुए पुराना देना बैंक से दाहिने मुड़कर बस स्टैंड के सामने से रेलवे स्टेशन, चौपाटी, रेस्ट हाउस से ऑडिटोरियम के पास से मेजर ध्यानचंद चौक, अटल पार्क के सामने से कॉन्वेंट स्कूल के सामने होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर, चामुंडा चौराह, बीएसएनएल आफिस के सामने से जनता टाकीज रोड, नेहरुगंज तिराहा होकर जयस्तंभ चौक होते हुए वापस श्री द्वारिकाधीश मंदिर में समापन होगा।

# चोरी गई मूंग पुलिस ने बरामद की, आरोपी को किया गिरफ्तार

**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी के गोदाम से चोरी हुई मूंग और ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी योगेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह सिसोदिया उम्र 35 साल निवासी हाउसिंग वोर्ड कालोनी इटारसी ने रिपोर्ट की थी कि उनके ट्रैक्टर न्यू हालैंड की ट्राली में भरी मूंग 27 कुंटल कीमती 2,25,000 रुपये की मय ट्रेक्टर न्यू हालैंड व ट्राली कोई चोरी कर ले गया है।

फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना इटारसी क्षेत्र में हुई मूंग की चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरवसिंह बुन्देला को चोरी गई मूंग बरामद करने व आरोपी गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया था। थाना प्रभारीके नेतृत्व में थाना इटारसी के पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की टीम बनाकर तत्परता से कार्य करते हुए आज 02 जुलाई25 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोनू पिता महेंद्र राजपूत उम्र 37 साल निवासी कावड़ मोहल्ला इटारसी के कब्जे से चोरी गई मूंग 27 कुंटल कीमती 2,25,000 रुपये की मय ट्रेक्टर न्यू हालैंड व ट्राली कीमती 4,00,,000 रुपए कुल कीमती 6,25,000 रुपए जब्त करने व आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार अवैध शराब पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारीद्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना इटारसी के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम बनाकर तत्परता से कार्य करते हुए आज मुखबिर की सूचना पर आरोपी मुकेश उर्फ छोटू पिता राजू गोहे उम्र 22 साल निवासी न्यू गरीबी लाइन इटारसी के कब्जे से छह पेटी देशी मदिरा प्लेन की शराब जिसमें कुल 300 क्वाटर 180 एमएल के कीमती 19,500 रुपये की अवैध देशी मदिरा 18 बंगला खंडर मकान से जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

## समाजसेवी संजय मिहानी ने किया सिविल अस्पताल के डॉक्टर्स का सम्मान



**इटारसी, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के डॉक्टर्स का समाजसेवी संजय मिहानी ने सम्मान किया। इस अवसर पर चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर राकेश चौधरी, सर्जन डॉक्टर अनिकेत सिंह, डॉक्टर आशीष पटेल, डॉक्टर जोसना पवलाया, डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ कुलदीप ठाकुर, डॉक्टर नीतेश दीवान सहित सभी चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया।

## स्टूडेंट ने समारोह में कोर्स के दौरान के अनुभव भी साझा किये



**इटारसी, देशबन्धु।** संधी साहित्य अकादमी मप्र द्वारा पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं भारतीय सिंधु सभा शाखा इटारसी के सहयोग से सिंधी भाषा (देवनागरी लिपि) अध्यापन शिविर का आयोजन का शुभारंभ सिंधु भवन में भगवान श्री झूलेलाल की ज्योत प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी, युवा शाखा अध्यक्ष मुकेश खुरानी, महामंत्री गौरव फुलवानी, महिला शाखा अध्यक्ष पूनम चेलानी, बबीता चेलानी, संगीता चेलानी, सिमरन चेलानी, भूमि खुरानी उपस्थित थे। शिक्षिका मीत संतानी, मुक्ता मेघानी ने अध्यापन कराया।

आम जनता रोज ही होती है परेशान, हादसे की आशंका बढ़ी

# पंखा से आमला मार्ग पर सड़कें बनीं जानलेवा, प्रशासन अब भी खामोश

**आमला, देशबन्धु।** आमला पंखा से आमला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग और उससे जुड़े इलाके जैसे बोडखी हवाई अड्डा रोड, रेलवे स्टेशन मार्ग, हॉस्पिटल रोड, न्यू मार्केट, मैन मार्केट, रातेड़ा रोड और मांझी मोहल्ला की सड़कें इन दिनों बेहद खस्ताहाल स्थिति में हैं।


### रोजाना गुजरते हैं अधिकारी, फिर भी नहीं कोई असर

इन जर्जर सड़कों से न केवल आम लोग, बल्कि सरकारी अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि भी रोज गुजरते हैं। बावजूद इसके, अब तक किसी ने सड़क मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। लोगों का कहना है कि ऐसा लग रहा है जैसे प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, तभी तक सब कुछ नजरअंदाज किया जा रहा है।

### गड्ढों से भरी सड़कें बनीं हादसों की वजह

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इन सड़कों पर बाइक और साइकिल सवार सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई बार लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। बारिश के समय ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं और उनका अंदाजा तक नहीं लगता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है।





### हॉस्पिटल पहुंचना हुआ मुश्किल

गड्ढों की वजह से मरीजों को समय पर हॉस्पिटल पहुंचाने में भी दिक्कत होती है। एम्बुलेंस चालकों को गड्ढों से बचते-बचाते चलना पड़ता है, जिससे मरीजों को देर से इलाज मिल पाता है। यह स्थिति चिंताजनक है। पूरे रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जो अब आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं।

### प्रशासन कब जागेगा?

प्रशासन की लापरवाही से लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जब सड़कों की हालत इतनी बदतर हो चुकी है, तब भी संबंधित अधिकारी क्यों चुप हैं? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही काम शुरू होगा?उ जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन को तत्काल सड़कों की मरम्मत करवानी चाहिए। यह केवल यातायात का नहीं, बल्कि लोगों की जान का सवाल है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश, उठाई मरम्मत की मांग

इलाके के नागरिकों में इस विषय को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी न तो नगर परिषद ने कोई कार्रवाई की और न ही संबंधित विभाग ने सड़कों की सुध ली है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

कन्याओं एवं महिलाओं को समिति ने वितरित किए वस्त्र, पवित्र जलधारा में जाकर लिया आशीर्वाद

## बारहलिंग में मां ताप्ती का हुआ दुग्धाभिषेक, अर्पित की 108 मीटर चुनरी



**बैतूल,देशबन्धु।** मां सूर्यपुत्री ताप्ती के जन्मोत्सव के अवसर पर बारहलिंग में पूजन-अर्चन के साथ श्रद्धालुओं ने दुग्ध अभिषेक कर 108 मीटर लंबी चुनरी मां ताप्ती को अर्पित की। अखिल भारतीय जीण माता सेवा संघ सूरत गुजरात एवं मां सूर्यपुत्री ताप्ती जागृति समिति मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

मां सूर्यपुत्री ताप्ती जागृति समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकिशोर पवार ने बताया कि इस पावन अवसर पर कुल 35 महिलाओं एवं 11 कन्याओं को वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

आयोजन स्थल पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ताप्ती जन्मोत्सव के इस आयोजन में बारहलिंग का घाट आस्था के दीपों से जगमगा उठा और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। रामकिशोर पवार ने बताया कि इस वर्ष भी मां ताप्ती के जन्मोत्सव पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के 18 प्रमुख ताप्ती तटवर्ती स्थानों पर 108 मीटर लंबी चुनरी अर्पित कर जन्मोत्सव मनाया गया। यह आयोजन मुलताई से लेकर सूरत तक 732 किलोमीटर की यात्रा में कुल 18 स्थानों पर सम्पन्न हुआ, ताप्ती जागृति समिति एवं जीण माता संघ के कार्यकर्ताओं ने आयोजन की सफलता के लिए पूर्व से ही व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं। इस आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। भक्तों ने मां ताप्ती की महाआरती में दीप जलाकर भाग लिया और जलधारा में खड़े होकर माता से अपने परिवार की सुख-शांति और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान के पहले दिन निकली कलश यात्रा

**चिचोली, देशबन्धु।** भव्य सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा, ध्वजारोहण ,पूजन, अभिषेक साथ प्रारंभ हुआ भव्य सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पहले दिन पार्शनाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।यार्यिका विसंयोजना एवं आर्यिका विरम्या माता के सानिध्य चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया ।सिद्धचक्र महामंडल विधान के पहले दिन नगर में भव्य कलश एवं पालकी यात्रा निकाली गई यह यात्रा पार्शनाथ मंदिर से शुरू होकर नगर के बाजार चौक सराफा बाजार होकर पार्शनाथ मंदिर पहुंची वँहा भगवान का पूजन ,अभिषेक, विधि विधान से किया गया इस दौरान भगवान नेमिनाथ मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया गया भगवान नेमिनाथ की प्रतिमा की पालकी यात्रा निकाली गई इसके बाद पूजन अभिषेक किया गया भगवान नेमीनाथ जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर हैं उनका मोक्ष कल्याण महोत्सव पुरे भक्ति भाव के साथ मनाया गया सिद्वो का महाआराधना पर्व 2 जुलाई से शुरू होकर 8 जुलाई तक चलेगा 9 जुलाई को प्रतिष्ठाचार्य संजय सरस ,एंव प्रशांत भैया के सानिध्य में चातुर्मास कलश स्थापना महोत्सव मनाया जाएगा।--



# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### शुल्क से अधिक राशि पर स्टाम्प विक्रय करने वालों के लायसेंस निरस्त किए

**हरदा, देशबन्धु।** जिला पंजीयक एवं अनुज्ञप्ति प्राधिकारी दिनेश कुमार कौशले ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा गठित जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर, निर्धारित शुल्क से अधिक मूल्य पर स्टाम्प विक्रय करने वाले हरदा के स्टाम्प वेंडर श्रीमती रूपाली सराफ का लायसेंस निलंबित करने के आदेश जारी किये है। जिला पंजीयक श्री कौशले संबंधित स्टाम्प वेंडर श्रीमती सराफ को अपना सभी अभिलेख उप पंजीयक हरदा के समक्ष जमा करने के निर्देश दिये है।

### अवैध रूप से बिक रही 50 किलो मछली जप्त की

**हरदा, देशबन्धु।** शासन द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतुकाल घोषित किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व परिवहन प्रतिबंधित है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में बंद ऋतुकाल का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग हरदा ने बताया कि निर्देशों के पालन में बुधवार को नायब तहसीलदार आशीष मिश्रा व मत्स्य निरीक्षक सुशील गौर ने संयुक्त रूप से 50 किलोग्राम मछली लावारिस अवस्था में जप्त की तथा जप्तशुदा मछली की नीलामी से प्राप्त राशि 4 हजार रूपये शासन के खाते में जमा की गई।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ प्रकरण निरस्त करने जिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के नेतृत्व में नर्मदापुरम जिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ हुई एफआरआई को निरस्त करने के लिये जिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह को सौंपा गया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय,पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव अधिवक्ता हरि नारायण थापक, नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, नर्मदापुरम जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, कांग्रेस नेता चंदू दुबे उपस्थित रहे।

### शांतिनिकेतन की आयुषी साहू उज्जैन में रैपिड चेस में तृतीय

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पंडित मोरेश्वर शास्त्री दीक्षित की स्मृति में सब जूनियर रैपिड चेस प्रतियोगिता का आयोजन उज्जैन में किया गया । इस प्रतियोगिता में शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदा पुरम की कक्षा छठवीं की छात्रा आयुषी साहू ने अंडर -13 गर्ल्स कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर शाला की उप प्रधानाचार्या डॉ हेमलता पुरोहित ने आयुषी को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया ।शाला की चेयरपर्सन श्रीमती ग्रेस जॉर्ज ने आयुषी साहू को शांतिनिकेतन परिवार की ओर से बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जीवन में प्रभु श्री रामचंद्र जी के चरित्र को अपनाएं : प्रमोद शर्मा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** समेरिटंस विद्यालय इटारसी की प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में बुधवार को प्रमोद शर्मा ने बच्चों को राम के चरित्र को लेकर चर्चा की। उन्होंने विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि भगवान राम बाल्यकाल से ही सुबह उठकर सबसे पहले अपने माता पिता और गुरुजनों को प्रमाण करते थे। आप सबको भी जीवन में इस नियम को पालना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रणाम करने से गुरुजनों का आशीष हमे मिलता है और जीवन में मंगल होता है। इस दौरान विद्यालय के नवीन भवन की पूजा अर्चना भी हुई।

---

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से नन्ही विधि को मिली परेशानियों से मुक्ति

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हुई नि:शुल्क सर्जरी

**हरदा, देशबन्धु।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एक नवपरिवर्तनकारी और महत्वकांक्षी पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह स्वास्थ्य जाँच, प्रारंभिक स्वास्थ्य सेवाएं, बच्चों में बीमारियों को पहचानने के लिए एक व्यवस्थित कार्यक्रम है, जो स्वास्थ्य सेवाओं, सहायता और उपचार आदि सेवाओं से जो?ने का कार्य करता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय पर जाँच शिविरों का आयोजन किया जाता है जिसमें बच्चों की जाँच के बाद इंदौर भोपाल के ब? सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी करवाई जाती है। इसी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत चार वर्षीय विधि तिवारी को परेशानियों से मुक्ति मिली है।

हरदा के लाला लाजपतराय वार्ड पाठक कॉलोनी में रहने वाली चार वर्ष की विधि तिवारी को बार बार सर्दी जुखाम होता रहता था। विधि को थो?ा खेलने में थकान होने लगती और अपनी उम्र के अनुसार वजन भी नहीं ब? रहा



था। विधि की माँ सुप्रिया और पिता शिवम तिवारी अपनी बेटी को हर मौसम में बीमार होता देखकर चिंतित रहने लगे। मोबाईल हेल्थ टीम की डॉ. मंजू वर्मा एवं डॉ. परमानंद छलौत्रे ने आंगनवा?ी में स्वास्थ्य जाँच के दौरान बच्ची को देखा और बच्ची को हृदय रोग होने की संभावना व्यक्त करते हुए जिला चिकित्सालय हरदा के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र भेजा। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र द्वारा आयोजित शिविर में विधि की जॉच हुई और भोपाल स्थित निजी चिकित्सालय में विधि की नि:शुल्क सर्जरी सम्पन्न हुई।

विधि ने बताया कि अब उसे सर्दी नहीं होती, अब तो वह खूब खेलती कूदती है। विधि की माँ सुप्रिया ने बताया कि बचपन से दिल में छेद होने के कारण बच्ची बार बार बीमार हो जाती थी, हरदा में इलाज करवाते और फिर थो? दिन बाद बीमार प? जाती थी। आरबीएसके टीम के द्वारा ऑपरेशन करवाए जाने के बाद विधि अब स्वस्थ्य है। विधि को खेलता कूदता देखकर परिवार के सभी लोगों की चिंता खत्म हुई अब सभी खुश हैं। विधि के माता-पिता ने अपनी ला?ली बिटिया के नि:शुल्क उपचार के लिये मुख्यमंत्री जी एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत बालिका का नि:शुल्क उपचार कराया गया है, हरदा जिले के 15 से 20 बच्चों के हृदय रोग का उपचार आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश एवं राष्ट्रीय बाल स्वाथ्य कार्यक्रम के तहत करवाया जा रहा है।

---

राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में शामिल हुआ स्प्रिंगडेल्स स्कूल के विद्यार्थी का बनाया ब्रेक स्मार्ट प्रोजेक्ट

## ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन की गति को ऑटोमेटिकली कम कर देगा ये सिस्टम




**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी (छ्रस्श्वक्कष्ट) में स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम के कक्षा 10वीं के छात्र मनन राजदेव ने 卐ब्रेक स्मार्ट卐 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। यह प्रोजेक्ट एक स्मार्ट ब्रेकिंग सिस्टम है जो ज़ेब्रा क्रॉसिंग की पहचान कर वाहन की गति को बिना ड्राइवर की मदद के अपने आप कम कर देता है जिससे पैदल चलने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

यह तकनीक कलर सेंसर और माइक्रोकंट्रोलर पर आधारित है और बिना किसी सड़क संशोधन के काम करती है। मनन का यह अभिनव प्रोजेक्ट राज्य स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयनित हुआ है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। यह नवाचार डिजिटल इंडिया और स्मार्ट मोबिलिटी मिशन से भी जुड़ा है।

प्रदर्शनी में मॉडलों को नवीन विचारों पर आधारित और चलित होना अनिवार्य था। मनन का मॉडल इस दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ। प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने कहा कि मनन राजदेव का प्रोजेक्ट यह दर्शाता है कि यदि विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे समाजहित में तकनीकी नवाचार कर सकते हैं और एक सुरक्षित, स्मार्ट भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थी ने यह सफलता विज्ञान शिक्षक गजेंद्र सिंह तथा एटीएल प्रभारी नीतीश दुबे के मार्गदर्शन में प्राप्त की। संपूर्ण शाला परिवार ने विद्यार्थी को बधाइयां प्रेषित की।

---

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकारी सोसाइटियों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** यूनेस्को द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में 1 से 6 जुलाई तक जिले की सभी सहकारी सोसाइटियों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त सहकारिता श्री शिवम मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 5 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस तथा 6 जुलाई को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की चौथी वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों के अंतर्गत पैक्स, मार्केटिंग सोसाइटीज, गृह निर्माण सोसाइटीज, बीज सोसाइटीज सहित अन्य सहकारी संस्थाओं में वृक्षारोपण, नए सदस्यों का पंजीयन, बोर्ड बैठक एवं आमसभा, ऑडिट से संबंधित प्रशिक्षण, कृषकों के लिए संगोष्ठी, सहकारी मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में सहकारिता के संबंध में निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं, ताकि युवाओं में सहकारिता के सिद्धांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। परस्पर सहयोग के सिद्धांत को प्रोत्साहित करते हुए दुग्ध एवं मत्स्य सोसाइटीज के सदस्यों के खाते सहकारी बैंकों में खोले जा रहे हैं। इस हेतु 5 जुलाई को बैंक शाखाओं में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

आज जिले की सभी पैक्स में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें सहकारिता विभाग एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उपायुक्त सहकारिता श्री शिवम मिश्र ने भोपाल दुग्ध संघ के सोनारपुर चिलिंग सेंटर पर दुग्ध सोसाइटी के सदस्यों को सहकारिता के सिद्धांतों की जानकारी दी तथा चिलिंग सेंटर का भ्रमण भी कराया।

### चाट के ठेलेवालों की शिवाजी चौक पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए: रोचलानी

**हरदा, देशबन्धु।** नगर के बड़ा मंदिर चौक क्षेत्र में वर्षों से अपनी चाट के ठेले लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे व्यापारियों को नगर पालिका द्वारा हटाकर वहाँ पार्किंग बना दी गई है। लोगों का रोजगार छिन गया और वे आजीविका के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने लिखित आवेदन मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा । आवेदन में मांग की गई कि जब तक इन ठेलेवालों के लिए कोई स्थायी स्थान तय नहीं होता, तब तक वैकल्पिक रूप से शिवाजी चौक के सामने उन्हें ठेले लगाने की अनुमति दी जाए।

---

## स्कूल, आंगनवाडी भवन, उचित मूल्य दुकान देखने जा पहुंचे डीएम, बोले: सीसीटीवी लगाएं

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र अबगांवखुर्द, भुन्नास, बागरूल, तेली की सराय व अबगांवकला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वहां स्थित स्कूल, आंगनवाडी केन्द्र, उचित मूल्य की दुकान, दिव्यांग जन छात्रावास व जिला जेल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल, एसडीएम कुमार शानु देवडिया, तहसीलदार राजेन्द्र पंवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने तेली की सराय के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होने तेली की सराय में पौधरोपण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम बागरूल में दिव्यांगजन छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होने वहां बच्चों को दिये जाने वाले भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को छात्रावास में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान छात्रावास के बच्चों ने कलेक्टर श्री जैन का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कलेक्टर श्री जैन ने जिला जेल का निरीक्षण कर रिकार्ड रूम, वीसी रूम, मुलाकात कक्ष व बंदियों के बैरिक की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होने जिला जेल में अन्य आवश्यक स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिये।

---

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचायें और 25 हजार रुपये पाएं

## गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को मिलेगा इनाम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार राह-वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन जारी कर दी गई है। गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय) में अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा।इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुँचाकर जान बचाता है ऐसे सभी व्यक्ति %राह-वीर% योजना के लिए पात्र होंगे। गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है।

### कैसे चुने जाएंगे राह-वीर

कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा पुलिस थाना, अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसकी प्रति संबंधित राह-वीर को भी भेजी जाएगी। मूल्यांकन समिति में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, सीएमएचओ, आरटीओ (परिवहन विभाग) शामिल होंगे। ये समिति मासिक आधार पर प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी देगी। चुने हुए राह वीर को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा सीधे बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसकी निगरानी के लिए प्रमुख सचिव (गृह) की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाएगी। जो हर तीन महीने में योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

योजना 21 अप्रैल 2025 से प्रभावशील है।

---

## छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए 9 वीं से कॉलेज तक के विद्यार्थियों को करना होगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**हरदा, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्हें प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है,उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लेने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा, जिसके लिए पृथक से पुन: वन टाइम रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं रहेगी।

---

### कार्यालय नगर परिषद शाहगंज जिला सीहोर (म.प्र.)

email-cmoshahganj@mp.urban.gov.in

क्रमांक /876 शाहगंज, दिनांक : -02.07.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निकाय तालिका में वर्णित कार्य प्रतिशत दर आधार पर कराना चाहती है। इस हेतु इच्छुक ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित करती है। इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदा बंद लिफाफे में दिनांक **17.07.2025** को दोपहर 3.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। जो उसी दिनांक को दोपहर 3.30 बजे उपस्थितों के समक्ष खोले जावेगें।

| क्रं. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि | समयावधि | प्रचलित एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 03 चबूतरा टीन शेड निर्माण कार्य। | 4,36,780/- | 4,367/- | 60 दिवस | म.प्र.न.प्र. एवं विकास दिनांक 02.08.2021 से प्रभावशील |

**शर्तें:-**

1. यह सूचना निविदा का संक्षिप्त विवरण मात्र है। विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा मान्य/अमान्य करने का अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
3. निविदा के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें।
4. कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक **17.07.2025** तक निर्धारित शुल्क 2000/- रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद शाहगंज**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद शाहगंज जिला सीहोर ( म.प्र. )**

---

## अबगांवखुर्द व भुन्नास में स्कूल का निरीक्षण कर उपस्थित बच्चों से की चर्चा

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर ने ग्राम अबगांवखुर्द में हाई स्कूल निरीक्षण के दौरान कक्षा 10 वीं के बच्चों से चर्चा कर अध्यापन संबंधी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने बच्चों की सवाल भी पूछे। उन्होने उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय का परीक्षा परिणाम सुधारने के लिये प्रयास करने के लिये कहा। उन्होने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन होमवर्क दिया जाए तथा उसे नियमित रूप से चेक भी किया जाए। साथ ही बच्चों की मासिक टेस्ट आयोजित की जाए। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक को शिक्षकों का प्रशिक्षण शनिवार व रविवार को आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव को स्कूल परिसर के खेल मैदान को दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों को ''माँ की बगिया'' अभियान के तहत परिसर में पौधरोपण कराने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम अबगांवखुर्द में निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने उपस्थित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने स्कूल भवन के सामने स्थित खाली भूमि पर पौधरोपण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। ग्राम भुन्नास में हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने कक्षा 12 वीं के बच्चों से चर्चा कर अध्यापन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होने उपस्थित शिक्षकों को नियमित रूप से वीडियों के माध्यम से भी अध्यापन कार्य कराने के निर्देश दिये।

ग्राम भुन्नास में कलेक्टर ने आरोग्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थित महिला स्वास्थ कर्ता से यूविन पोर्टल पर डाटा अपडेशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होने इस दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता व महिला स्वास्थ कर्ता को समन्वय के साथ पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने तथा स्कूलों में बच्चों को आयरन की टेबलेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। शासकीय आयुर्वेद औषधालय का निरीक्षण कर डिस्मेंटल की कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को बिस्किट वितरित किये, ली जरूरी जानकारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम भुन्नास के आंगनवाडी केन्द्र के बच्चों को बिस्किट के पेकेट वितरित किये। उन्होने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से पोषण ट्रेकर एप पर डाटा अपडेशन करने के संबंध में जानकारी ली तथा नियमित रूप से पोर्टल पर डाटा अपडेट करने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को डिस्मेंटल के बाद पुराने आंगनवाड़ी भवन तोडने के निर्देश भी दिये।

### उचित मूल्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम भुन्नास में उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने संचालक से ई-केवायसी की जानकारी ली। दुकान संचालक ने बताया कि ई-केवायसी का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होने इस दौरान स्टाक पंजी परीक्षण कर दुकान संचालन की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होने दुकान पर सतर्कता समिति का बोर्ड लगाने के निर्देश भी दुकान संचालक को दिये।

---

### कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.

प्र.क्रं./रा.शा.वि./न.प.इ./2025/68 इटारसी दिनांक 02.07.2025

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से लक्कड़गंज क्षेत्र की दुकान नं. 06 (छोटी) जो कि श्री राजेन्द्र अग्रवाल पिता श्री ब्रजमोहन अग्रवाल के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है। दुकान की किरायेदारी का नवीनीकरण कराना चाहते है। उक्त दुकान का नवीनीकरण होने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय के समक्ष में उपिस्थत होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद इटारसी**

---

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी

क्रमांक / लोक कर्म शाखा/नपाई/738 इटारसी, दिनांक 01/07/25

**ई निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर पोर्टल क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_434210_1 | नगर पालिका इटारसी के पुरानी इटारसी में बंजरंग व्यायाम शाला में चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 1,67,929/- | 1000/- 1679/- | 16.07.2025 |
| 2 | 2025_UAD_434222_1 | वार्ड क्रमांक 33 में श्री विनोद पेंटर के मकान से श्री शशिकांत भाऊ के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 2,86,039/- | 2000/- 2860/- | 16.07.2025 |
| 3 | 2025_UAD_434298_1 | वार्ड क्रमांक 01 में गुलबी चच्चा के मकान से मारथोमा ग्राम ज्योति स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 8,10,997/- | 2000/- 8110/- | 16.07.2025 |
| 4 | 2025 UAD_434313_1 | वार्ड क्रमांक 02 में शक्ति नगर में हनुमान धाम मंदिर के पास ट्यूबवैल / बोरवेल निर्माण कार्य। (सांसद निधि) (तृतीय निविदा) | 233461/- | 2000/- 2335/- | 08.07.2025 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद इटारसी**

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
MBA प्रवेश प्रारंभ छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध*
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी D फार्मा
DIPLOMA IN PHARMACY (2 YEAR) (12th BIO/MATH'S) For Year 2025-26
पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 प्रवेश प्रारंभ

नर्मदापुरम, गुरूवार 3 जुलाई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लंबी विदेश यात्रा पर मोदी

एक महीने से भी कम समय में प्रधानमंत्री मोदी फिर से विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। इस बार घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया इन पांच देशों की यात्रा श्री मोदी कर रहे हैं, जो 8 दिनों की होगी। हमेशा की तरह इस बार भी सरकारी बयान में बताया गया है कि विदेश यात्रा का मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करना है। भारतीय प्रधानमंत्री इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और आपसी सहयोग और विकास पर चर्चा करेंगे। इसमें कुछ नया नहीं है, हमेशा यही तो होता है कि दूसरे राष्ट्राध्यक्षों से श्री मोदी की हाथ मिलाते, गले मिलते, सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हंसते-मुस्कुराते चर्चा करते और विभिन्न करारों पर हस्ताक्षर करते तस्वीरें आती हैं। देश को बताया जाता है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत को विकसित करने के लिए सारे देश मदद कर रहे हैं। लेकिन इन तस्वीरों की हकीकत तब समझ आती है, जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी बड़े से भारतीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों में अपना पक्ष रखने के लिए भेजना पड़ता है।

विदेश नीति की परीक्षा पहलगाम हमले या ऑपरेशन सिंदूर जैसी असामान्य स्थितियों में ही होती है, और इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना ही चाहिए कि इस परीक्षा में मोदी सरकार बुरी तरह विफल रही।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम को लेकर हो रहे बेहूदे दावे थम ही नहीं रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इन दावों को खारिज नहीं किया है तो अब तक भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी सफाई देनी पड़ रही है। अभी विदेश मंत्री एस जयशंकर से अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के लिए हो रहे एक साक्षात्कार में फिर यह सवाल पूछा गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार कहा है कि 'संघर्ष को रोकने के लिए व्यापार को एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया। क्या इससे व्यापार समझौते की बातचीत पर कोई असर पड़ा है?' इस सवाल से साफ समझ आता है कि ट्रंप के दावे को अब दुनिया भी मान रही है। अगर श्री मोदी ने पहले ही बार में इस पर आपत्ति जताई होती तो शायद इस तरह के सवाल नहीं उठते। लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं और विदेश मंत्री सफाई दे रहे हैं कि 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था तो वह भी उसी कमरे में मौजूद थे। जयशंकर ने कहा कि तब प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत पाकिस्तान की धमकियों से डरेगा नहीं बल्कि इसका जवाब देगा।

सोचने वाली बात यह है कि जो बयान भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री पहले दे चुके हैं, जिसे अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी कह रहे हैं, उस बात को अब तक प्रधानमंत्री मोदी अपने मुंह से क्यों नहीं बोलते। आखिर किसने उनके मुंह पर चुप की उंगली रखी है। क्या लंबी-लंबी विदेश यात्राओं से ये उंगली हटेगी या मुंह पर ताले और बढ़ेंगे। अभी कनाडा में जी-7 की बैठक में श्री मोदी शामिल हुए थे, और पखवाड़े बाद ही अब ब्रिक्स सम्मेलन के लिए वे रवाना हुए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल सभी देश अपनी स्थिति बेहतर बनाने के लिए करते हैं, हालांकि इनमें असली जोर व्यापार का होता है, क्योंकि इस समय पूरी वैश्विक राजनीति कारोबारी हितों के इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे में श्री मोदी की मौजूदा यात्रा में भी व्यापार को बढ़ाने के संकेत अलग-अलग तरीकों से दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले घाना जाएंगे और यात्रा के अंतिम चरण में स्वदेश वापसी के समय नामीबिया जाएंगे। ये सारे देश अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी हैं और कहा जा रहा है कि इससे ग्लोबल साउथ के भारतीय एजेंडे को नई धार मिल सके। बता दें कि ग्लोबल साउथ शब्द पहली बार 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल ओग्लेसबी ने इस्तेमाल किया था। इसमें अमूमन वही सारे देश हैं, जिन्हें तीसरी दुनिया के देश कहा जाता है। दुनिया के उत्तरी हिस्से में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोप के देशों से अलग दक्षिण हिस्से में आने वाले अफ्रीकी, द.अमेरिकी और कई एशियाई देशों को ग्लोबल साउथ के तहत रखा जाता है। इनकी चिंताएं और सरोकार लगभग एक जैसे हैं। हालांकि इनमें चीन का दबदबा है और वहीं आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों का रुख भी कई बार ग्लोबल नार्थ की तरफ ही दिखाई देता है। ऐसे में ग्लोबल साउथ के बैनर तले जो नयी वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। वैसे अभी श्री मोदी जिन देशों में जा रहे हैं, या ग्लोबल साउथ में जो देश आते हैं, उनसे भारत के संबंध पहले ही अच्छे रहे हैं। इन सभी देशों में प.नेहरू की बनाई विदेश नीति के कारण ही भारत की साख मजबूत बनी हुई है। अगर इसी विदेश नीति पर मोदी सरकार चलती रहती तो फिर इतनी विदेश यात्राओं के बाद भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर समर्थन जुटाने के लिए भारत को जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती।

वैसे ब्रिक्स सम्मेलन के अलावा श्री मोदी की मौजूदा यात्रा का बड़ा मकसद व्यापार को बढ़ाना ही दिख रहा है। घाना पश्चिमी अफ्रीका की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। घाना से भारत में होने वाले आयात में 70 प्रतिशत से ज्यादा सोना होता है। घाना के लिए भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश है। घाना से श्री मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे, इस कैरेबियाई क्षेत्र में भारतीय मूल के 40-45प्रतिशत लोग रहते हैं। भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच आर्थिक संबंध बहुत ही ज्यादा मजबूत हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 341.61 मिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। यहां से श्री मोदी अर्जेंटीना जाएंगे, और ट्रंप के चहेते राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश पर इस दौरान खास जोर रहेगा। इसके बाद ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन के बाद अपनी राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री ब्रासीलिया जाएंगे। जहां राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य जैसे आपसी हित के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर चर्चा होगी। ब्राजील, दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। सबसे आखिरी में श्री मोदी नामीबिया जाएंगे, जहां वे संसद को भी संबोधित करेंगे। हाल के वर्षों में भारत और नामीबिया के बीच व्यापार बढ़ा है। 2000 में यह 3 मिलियन डॉलर से भी कम था जो अब लगभग 600 मिलियन डॉलर हो गया है। भारत में चीते नामीबिया से ही लाए गए थे।

# योगी बंदर की लीला और जनजागरुकता

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

सोशल मीडिया पर रील्स, मीम्स बनाने का पागलपन, इस मंच को झूठी, नफरती खबरें फैलाने का जरिया बनाना, हर वर्ग के लोगों का अधिकाधिक वक्त सोशल मीडिया पर बीतना, इन सब बातों पर पिछले कुछ वक्त में काफी चिंता बढ़ी है। समाजशास्त्रियों के लिए यह अध्ययन का नया विषय ही बन गया है कि संचार क्रांति का यह कैसा दौर आया है, जिसमें एक के बाद एक नयी लहर उठती है। मियादी बुखार की तरह कभी भी कोई भी चीज वायरल हो जाती है। नैतिक-अनैतिक के बीच का हर अंतर सोशल मीडिया पर मिटाया जा चुका है। न किसी का लिहाज, न कोई पाबंदी, बस जिसे जो कहना है, लिखना है, दिखाना है, सुनाना है, वह अपने मन की करे। असल मायनों में मन की बात सोशल मीडिया पर चलती है। इसमें कभी कुछ ऐसा हो जाए, जिस पर बड़ा विवाद हो, तब कुछ पोस्ट्स को प्रतिबंधित किया जाता है, लेकिन तब तक उसका स्क्रीन शॉट सुरक्षित रख लिया जाता है या सामग्री ही किसी और तरीके से स्टोर कर ली जाती है। आसान शब्दों में, एक बार जो चीज सोशल मीडिया पर आ गई, उसे नष्ट करना मुश्किल होता है।

ऐसे सोशल मीडिया के दौर में 'बंदर लीला योगी' के वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। जैसा कि इसके नाम से ही जाहिर है, इसमें एक बंदर साधु या योगी की वेशभूषा में बैठा हुआ नजर आता है और उसकी लीला यह है कि यह योगी बंदर ज्वलंत सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर धीर-गंभीर बातें करता है। देश में शिक्षा की बदहाली से लेकर टीआरपी के लिए मीडिया की उछलकूद सब पर इस योगी बंदर का ध्यान है और वह अपने भक्तों को इस पर प्रवचन देता है कि उसकी निगाह में यह सही है या गलत।

एक वीडियो में कथावाचक बना बंदर कहता है, 'जिस देश में सरकारी स्कूलों की छतें टपकती हों और मंदिर सोने से जड़े हों, वो देश कभी विकसित नहीं हो सकता। अगर मंदिरों का पैसा स्कूलों में लगाया जाए तो भारत विकसित हो सकता है, लेकिन ऐसा इसलिए नहीं होगा क्योंकि कुछ लोगों को डर है कि अगर बच्चे पढ़ गए, तो सवाल पूछेंगे। वहीं एक प्रवचन में योगी बंदर ने कहा कि 'अगर मंदिर में चढ़ाया गया पैसा भगवान का है, तो फिर वो जनता में क्यों नहीं बांटा जाता?'

पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के वक्त मीडिया के बड़े हिस्से ने जिस किस्म की रिपोर्टिंग की, उसकी धज्जियां भी योगी बंदर ने उड़ाई हैं। इसमें उसने कहा है कि अगर सर्कस देखना हो तो बाहर मत जाना, मोबाइल पर टीवी चैनल खोल देना। टीआरपी के लिए इतने मरे जा रहे कि हमारे सैनिक बार्डर पर खड़े हैं और ये कह रहे हैं इस्लामाबाद पर कब्जा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुंबई हमलों के दौरान एनएसजी की लोकेशन ब्रॉडकास्ट कर दी और कहीं न कहीं उससे आतंकवादियों को मदद मिली। वो कहते हैं कि भारत अब विकसित होने ही वाला है। अरे लोगों के पास स्कूल-कॉलेज की फीस भरने के पैसे नहीं हैं, और तुम हवा में भारत को विकसित बना रहे हो।

एक अन्य वीडियो में योगी बंदर ने बताया है कि अगर श्री राम भारत के प्रधानमंत्री होते तो कैसा भारत होता। जिसमें आस्ट्रेलिया की तरह प्रदूषण मुक्त हवा होती। पुलिसवाले भाग-भागकर एफआईआर लिखते, भले सामने नेता का बेटा ही क्यों न हो। भारत का ट्रेड और एग्रीकल्चर फल फूल रहा होता। सबको समान न्याय मिलता, छुआछूत को मिटा दिया जाता, जाति को काम के आधार पर किया जाता, न कि जन्म के आधार पर। सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई होती। मंदिरों में भगवान का नाम लेकर साइंस और टेक्नॉलॉजी का ज्ञान साझा किया जाता। किसान खुदकुशी नहीं करते। वोटरों को बांटने के लिए नफरती भाषण नहीं दिए जाते। आरटीआई एक्टिविस्टों की हत्या नहीं होती। गंगा नदी एकदम साफ होती। आम आदमी के कोर्ट केस 20-20 साल नहीं चलते। मूवी का हीरो एक साथ सौ लोगों की हत्या करे तो उसे ग्लोरिफाई नहीं किया जाता और ऐसी फिल्मों की भारत में कोई जगह नहीं होती। अगर किसी कारण से जंगल काट भी दिए जाते तो ट्राइबल लोगों को गवर्मेंट आईडी दी जाती और उनकी शिक्षा का ख्याल रखा जाता।

एक और वीडियो में योगी बंदर ने कहा कि अगर आज हनुमान जी होते तो कहते कि मुझे तुम्हें अपना वंशज कहने में शर्म आती है। एक कंपनी का सीईओ भी बिल्ली के रास्ता काटने पर रुक जाता है। अरे तुम सीईओ हो कि चूहे हो। हमने तो रावण को घर में घुसकर मारा था, तुम एक बिल्ली से डर गए। तुम विश्वगुरु कैसे बनोगे, तुम डेढ़ सौ करोड़ हो, लेकिन डरे हुए हो। वो बताते कि हमने राम सेतु मंत्र फूंककर नहीं बनाया था, नल और नील नाम के दो इंजीनियरों से बनवाया था। वो तुम्हें जागृत करते कि जहां समाज डरा हुआ हो, वहां साइंटिस्ट कम और गुलाम ज्यादा पैदा होते।

भारत का अपना एआई क्यों नहीं बन पाया, इस बारे में भी योगी बंदर ने बताया है कि हमारे पास डेटा ही नहीं है, सारा डेटा यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक के पास है। अमेरिका ने चैटजीपीटी, चीन ने डीप सीक बना लिया। हमारे इंजीनियरों ने जब कू ऐप बनाया था तो उसके जरिए डेटा इकट्ठा हो सकता था, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिला और चार साल में ही कू ऐप बंद हो गया।

**भारत का अपना एआई क्यों नहीं बन पाया, इस बारे में भी योगी बंदर ने बताया है कि हमारे पास डेटा ही नहीं है, सारा डेटा यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक के पास है। अमेरिका ने चैटजीपीटी, चीन ने डीप सीक बना लिया। हमारे इंजीनियरों ने जब कू ऐप बनाया था तो उसके जरिए डेटा इकट्ठा हो सकता था, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिला और चार साल में ही कू ऐप बंद हो गया।**

श्रीराम के शासन का भारत, हनुमानजी की सीख से लेकर मीडिया की नैतिकता, अंधविश्वास, विज्ञान और टेक्नॉलॉजी सभी विषयों पर यह एआई जनरेटेड योगी बंदर प्रवचन देता है। इसमें जो बातें कहीं गई हैं, उन्हें अक्सर लोग आपसी चर्चाओं में करते हैं, लेकिन अब माहौल ऐसा हो चुका है कि इन्हें खुलकर कहने की हिम्मत नहीं दिखाई जा रही। जो ऐसी हिम्मत दिखाते हैं, उन्हें किसी न किसी तरह की प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है।

इस एआई जनरेटेड बंदर को जिसने भी बनाया है, उसने ज्वलंत मुद्दों को रोचक तरीके से जनता तक पहुंचाने का काम किया है। धर्मभीरू भारतीय समाज को उसकी भलाई के लिए सलाह देने का यह तरीका कारगर है कि उसमें धर्म का आवरण डाल दिया जाए। यही बंदर अगर शिक्षक, वैज्ञानिक, अंतरिक्ष यात्री, किसान, मजदूर या नेता की तरह दिखाई देता, तब भी उसकी बातें रोचक और जागरुक करने वाली तो होतीं, लेकिन उनका वह असर नहीं दिखाई पड़ता, जो अब दिख रहा है। बंदर बैठकर प्रवचन दे रहा है, यह बात तो रोचक है ही, दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बंदर रूढ़िवादिता को खारिज कर आधुनिक युग के हिसाब से चलने की सलाह भक्तों को दे रहा है। वर्ना इस समय समाज की बुद्धि ऐसे प्रवचनकारियों ने भ्रष्ट की हुई है, जो हथेली को मोबाइल बनाकर हनुमानजी से सीधे बात करने का ढोंग करते हैं और भक्तों को मूर्ख बनाते हैं। लोगों में इतनी चेतना भी दिखाई नहीं देती कि वे पूछ सकें कि अगर हनुमान जी से सीधे बात हो ही जाती है, तब हथेली को मोबाइल बनाने की भी क्या जरूरत, इस सीधे कनेक्शन के लिए तो किसी भी चीज की दरकार नहीं होनी चाहिए। लेकिन लोगों को मूर्ख बनाकर ही ऐसे ढोंगी खुद ऐशो आराम का सारा सामान जुटा लेते हैं। दुनिया की सैर करते हैं, महंगे कपड़े, जूते, चश्मे पहन कर रौब झाड़ते हैं कि सवाल मत पूछना वर्ना और महंगा पहन कर चिढ़ाऊंगा।

भारत विकसित हो रहा है, भारत विश्वगुरु बन रहा है, इस तरह का भ्रम फैलाने में ऐसे ही ढोंगी साधु, बाबा, योगी सरकार की मदद करते हैं। सत्ता पर बैठे लोग इन की आरती उतारते हैं, इनके आडंबर को बढ़ावा देते हैं। कोई अपने घर में कितना भी अंधविश्वास माने, पाखंड को बढ़ावा दे, भक्ति के नाम पर कट्टरता फैलाए, उसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन जब जनता के पैसे पर समाज में इन चीजों को बढ़ाया जा रहा है और देश का नुकसान हो रहा है, तब तो आवाज उठानी ही चाहिए। जनता का काम करने के लिए बैठी सरकारों से सवाल होने चाहिए कि आपका वक्त लोककल्याणकारी कार्यों से ज्यादा पूजा पाठ में क्यों लग रहा है। जनता के पैसे ढोंगियों पर लुटाने के अपराध पर इन्हें सत्ता से बाहर किया जाना चाहिए। लेकिन इस समय डरा हुआ समाज यह नहीं कर रहा है। ऐसे में पुनर्जागरण के एक नए दौर की जरूरत महसूस हो रही है।

योगी बंदर की बातें काफी क्रांतिकारी हैं, और इसमें प्रयुक्त भाषा बिल्कुल आम बोलचाल की है, ताकि जनता इसे फौरन समझ ले। हालांकि इन बातों का सिलसिला, ऐसे वीडियो आगे कब तक जारी रहेंगे, कहा नहीं जा सकता। खुद इस एआई से बने योगी बंदर ने कहा है कि हो सकता है ये वीडियो प्रतिबंधित हो जाएं। अगर ऐसा नहीं भी होता है, तब भी अभी बातों में जो धार दिख रही है, वह बरकरार रहे और किसी भी तरह मुद्दे से न भटका जाए, संविधान के उद्देश्यों को केंद्र में रख कर जन जागरुकता फैलाई जाए, यह जरूरी है।

# नये भाजपा अध्यक्ष के चयन में और देरी संभव

■ अरुण श्रीवास्तव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में दशहरा के दिन अपना शताब्दी वर्ष मनायेगा। अधिकांश संगठन तो अपनी शताब्दी के करीब पहुंचने से पहले ही पतन की ओर अग्रसर हो जाते हैं या यहां तक कि विघटित हो जाते हैं। परन्तु आरएसएस अपनी राजनीतिक शाखा भाजपा के माध्यम से भारत पर शासन कर रहा है।

लेकिन शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर इसके सरसंघचालक मोहन भागवत ने विडंबनापूर्वक संगठन पर अपना अधिकार और नियंत्रण खो दिया है। जहां पिछले सरसंघचालकों के शब्दों को भगवा पारिस्थितिकी तंत्र ने आज्ञाओं की तरह माना, वहीं शताब्दी वर्ष में भागवत के उपदेशों को कोई नहीं मानता। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि नरेंद्र मोदी ने जानबूझ कर और योजनाबद्ध तरीके से उनकी छवि और विश्वसनीयता को कम किया है। अपने शासन के ग्यारह वर्षों के दौरान, आरएसएस प्रचारक मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में भागवत से केवल एक बार मुलाकात की। इसका मतलब साफ है कि उन्होंने भागवत के सुझावों और सलाह की परवाह नहीं की। आरएसएस और खासकर भागवत भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आरएसएस नेता के लिए जोर दे रहे हैं। लेकिन मोदी का उनके निर्देश की अनदेखी करना उनके तिरस्कार का स्पष्ट प्रमाण है।

वास्तव में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 2024 में ही लोकसभा चुनाव से काफी पहले यह कहकर इस अनादर को प्रकट कर दिया था कि 'भाजपा को आरएसएस की जरूरत नहीं है'। जब से नड्डा ने 2023 में अपना कार्यकाल पूरा किया है, तब से भागवत पार्टी प्रमुख के रूप में आरएसएस नेता के लिए जोर दे रहे हैं। लेकिन नड्डा की औपचारिक सेवानिवृत्ति के ढाई साल बाद भी, उनका भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य करना जारी है। कारण साफ है। मोदी को एक ऐसे अनुचर की जरूरत है जो उनके आदेशों का पालन करे। उन्हें समानांतर सत्ता केंद्र पसंद नहीं है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में आरएसएस नेता उनके वर्चस्व के लिए संभावित खतरा साबित हो सकते हैं। यही कारण है कि मोदी जानबूझ कर उनकी दलीलों को नजरंदाज कर रहे हैं।

गोवा में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जब मोदी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया था, तब भगवा कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच मोदी की राष्ट्रीय अपील और लोकप्रियता नहीं थी। लालकृष्ण आडवाणी के साथ भागवत ने उन्हें आगे बढ़ाया। निर्वाचित होने के बाद मोदी का पहला काम आडवाणी को अलग-थलग करना और उन्हें निष्क्रिय बनाना था। लेकिन उस समय भागवत को हटाने या अलग-थलग करने की हिम्मत वे नहीं कर पाये, क्योंकि वे आरएसएस प्रमुख थे। एक सुनियोजित चाल के तहत उन्होंने उन्हें नजरंदाज करना शुरू कर दिया, जिससे यह संदेश गया कि भागवत भाजपा के लिए किसी काम के नहीं हैं। मोदी ने भगवा पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर सफलतापूर्वक ऐसी स्थिति बना दी, जहां भागवत की सलाह अवांछित थी। 2023 में ही आरएसएस के कई शीर्ष नेताओं ने भागवत को आगाह किया था और उनसे सख्ती बरतने को कहा था। लेकिन उन्होंने ऐसा करने की हिम्मत नहीं की। मोदी जहां खुद को भाजपा और भारत के लिए राजनीतिक रूप से अपरिहार्य साबित करने पर तुले हुए हैं, वहीं भागवत हिंदू और हिंदुत्व की राजनीति को बढ़ावा देने में आरएसएस की अजेयता को प्रदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं।

इसे समझने के लिए हाल ही में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों के विश्लेषण से अधिक उपयुक्त तरीका और कुछ नहीं हो सकता। जहां मोदी और उनके सहयोगियों ने इन राज्यों में भाजपा की जीत को मोदी के करिश्मे से जोड़ा, वहीं आरएसएस ने दावा किया है कि इन चुनावी जीत का श्रेय आरएसएस के कार्यकर्ताओं को जाता है।

मोदी और भागवत के बीच ताजा सत्ता संघर्ष बिहार की मतदाता सूची संशोधन के मामले में सामने आया है। आरएसएस ने मोदी के कदम का सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं किया है, लेकिन वह इसका समर्थन भी नहीं करता है। मोदी ने पहले ही बिहार में इस योजना को बड़े जोर-शोर से शुरू कर दिया है। आरएसएस नेताओं के अनुसार भी इस कदम का शिकार ईबीसी और दलितों की बड़ी आबादी होगी, जो आरएसएस के निशाने पर हैं। यह लगातार इन वर्गों को यह विश्वास दिलाता रहा है कि वे हिंदू हैं। गांवों में जाकर गणना करने वाले लोग उनके मूल निवासी होने के दावों के प्रमाण के रूप में मूल जन्म प्रमाण पत्र मांग रहे हैं।

यह एक खुला रहस्य है कि इनमें से एक बड़ी आबादी के पास अपनी पहचान साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं है। जाहिर है कि उन्हें अपनी राष्ट्रीय पहचान खोने का खतरा है। एक बार जब उन्हें राष्ट्रीयता से वंचित कर दिया जाता है, तो उन्हें वोट देने का अधिकार भी स्वत: ही छीन लिया जायेगा। यह स्पष्ट है कि मोदी अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए ऐसा कर रहे हैं। हाल ही में हुए चुनावों में उनकी निष्ठा बदली हुई, इंडिया ब्लॉक के पक्ष में दिखी जिससे मोदी को यह कड़ा संदेश गया है कि दलित और ईबीसी उन्हें पसंद नहीं करते हैं।

मोदी का यह चुनावी कदम उन्हें मध्यम वर्ग पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उनके बीच अपने समर्थन आधार को मजबूत करने में मदद करेगा। लेकिन इससे आरएसएस के राजनीतिक हित खतरे में पड़ जायेंगे, जो उन्हें हिंदू के रूप में पहचानने की कोशिश कर रहा है। इसका भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की आरएसएस की योजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सूत्रों का कहना है कि आरएसएस शताब्दी समारोह के दौरान अपनी योजना की घोषणा करने के लिए दृढ़ था। लेकिन अब ऐसा लगता है कि वह कुछ और समय के लिए अपने फैसले को रोक देगा।

**4 जुलाई से दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इन दो वर्षों के दौरान आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की एक दर्जन से अधिक बैठकें की हैं। हर बैठक में अपनी पसंद का नया अध्यक्ष चुनने का मुद्दा गूंजा। यह बैठक अलग प्रकृति की होगी, जिसका स्वरूप अलग होगा। यह आरएसएस की बैठक है।**

इस पृष्ठभूमि में 4 जुलाई से दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इन दो वर्षों के दौरान आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की एक दर्जन से अधिक बैठकें की हैं। हर बैठक में अपनी पसंद का नया अध्यक्ष चुनने का मुद्दा गूंजा। यह बैठक अलग प्रकृति की होगी, जिसका स्वरूप अलग होगा। यह आरएसएस की बैठक है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों का मानना है कि भाजपा के कुछ शीर्ष नेता इस बैठक में भाग ले सकते हैं और अध्यक्ष चयन के मुद्दे पर आरएसएस पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते हैं। इन सूत्रों के अनुसार मोदी और अमित शाह ने आरएसएस नेतृत्व, खासकर भागवत को बिहार विधानसभा चुनाव तक मौजूदा व्यवस्था जारी रखने के लिए कहा है। मोदी ने चुनाव के लिए एक योजना तैयार की है और किसी भी संगठनात्मक विवाद से भाजपा के चुनावी हित प्रभावित होंगे, जो बदले में आरएसएस के दीर्घकालिक राजनीतिक हित को नुकसान पहुंचायेगा।

बिहार और बंगाल के कुछ क्षेत्रीय नेताओं की गुटबाजी और संभावित खतरे से पार्टी कमजोर होगी। इन राज्यों में आरएसएस के प्रभावी हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए शताब्दी समारोह की योजना बनायी गयी है। उन्होंने आशंका जताई है कि भगवा ब्रिगेड असम पर अपनी पकड़ खो सकती है, जिससे पूर्व और उत्तर पूर्व में पार्टी की संगठनात्मक प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है। उनका तर्क है कि नये अध्यक्ष के लिए बिहार और बंगाल में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उभरने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होगा। चुनौतियों का सामना करने के लिए, भाजपा ने संगठनात्मक बदलाव करने, मौजूदा राष्ट्रीय महासचिवों में से आधे को बदलने और महत्वपूर्ण पदों पर युवा नेतृत्व लाने की योजना बनाई है।

## आपके पत्र

### महिला आरक्षण की दहलीज़ पर लोकतंत्र

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में राजनीति के स्वरूप को बदलने का ऐतिहासिक अवसर है। हालांकि इसका क्रियान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संभव है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब राजनीतिक दल अभी से महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाएं। केवल आरक्षित सीटें देना पर्याप्त नहीं; दलों को आंतरिक कोटा, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और निर्णयकारी भूमिका में महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। अगर यह मौका चूक गया तो आरक्षण भी दिखावा बनकर जाएगा। समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के लिए अब निर्णायक और नीतिगत पहल ज़रूरी है।

भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6प्रतिशत है। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9प्रतिशत से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9प्रतिशत ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारतीय समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। 'सरपंच पति' जैसी प्रथाएं इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं।

राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमज़ोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6प्रतिशत उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी -उन्होंने 13.6प्रतिशत सीटें जीतीं।

महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। भारत में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है, और अधिकांश महिलाएं—खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से—स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। 2029 का चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर लेकर आएगा। लेकिन राजनीतिक दल अभी से महिला नेतृत्व को गढ़ने में निवेश नहीं करते तो यह आरक्षण भी केवल सत्ता में वंशवाद और प्रतीकात्मकता का विस्तार बनकर रह जाएगा।

अब वक्त है कि दल 'महिलाओं के लिए सीट छोड़ने' की बात नहीं करें, बल्कि 'महिलाओं को नेतृत्व के लिए खड़ा करने' की पहल करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का यही असली रास्ता है।

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### शेक्सपियर

*मैंने पहले भी लिखा है कि एक बार परसाई जी ने मुझसे कहा था कि अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में क्रमश:-शेक्सपियर, तुलसीदास और मिर्जा गालिब ये तीनों महान लेखक हैं, क्योंकि इनकी रचनाओं में जैसा जीवन विवेक है वैसा अन्यत्र नहीं है। परसाई जी की यह बात मुझे समय-समय पर याद आ जाती है। आज जबकि दुनिया बहुत बदल चुकी है, फिर भी ऐसे मौके बारंबार हमारे सामने आते हैं जब इन तीनों लेखकों की कोई न कोई उक्ति सहसा मानस पटल पर कौंध जाती है कि अरे, ऐसा तो उन्होंने कहा था। मसलन जब बाजारवाद की बात चलती है जो कि आजकल अक्सर होती है, तो गालिब का शेर याद आ ही जाता है- 'बाजार से निकला हूं खरीदार नहीं हूं' इसी तरह कभी तुलसी, तो कभी शेक्सपियर हमारी विचारयात्रा में साथ आ जाते हैं बल्कि यह कहना सही होगा कि वे हरदम हमारे संग चलते हैं।*

*क्लासिक साहित्य में सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह देशकाल की सीमाओं का अतिक्रमण करता है और हर युग में हर पीढ़ी के पाठक के साथ उसका एक अटूट रिश्ता बना रहता है।*

**( अक्षर पर्व जून 2014 में प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/06/blog-post_16.html

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

### पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानव जाति के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित कर के नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को 'अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम 'एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम कर के उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना' है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुन: प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है।

संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है।

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पीने के पानी और हमारे द्वारा सांस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं।

प्लास्टिक का उत्पादन उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए है, अगर हम उपभोक्ता ही प्लास्टिक से दूरी बना लें, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है, प्लास्टिक के अन्य पर्याय को अपनाना और जागरूकता एवं पर्यावरण के बचाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। सबसे पहले अपना स्वार्थ और आलस छोड़ें, सरकारी नीतिनियमों का कड़ाई से पालन करें।

पर्यावरण हमें बेहतर जीवन देने के लिए है, अगर हम ही अपने पर्यावरण को बर्बाद करेंगे तो पर्यावरण भी हमें जीवन नहीं अपितु बर्बादी ही देगा, इस बात की गंभीरता को समझें और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाएं।

**-डा. प्रीतम**

# खेल जगत

## विंबलडन 2025: सिनियाकोवा ने 5वीं वरीयता प्राप्त झेंग को हराया

**लंदन।** विंबलडन 2025 के दूसरे दिन भी बड़ा उलटफेर देखने को मिला। चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मंगलवार को विंबलडन में महिला एकल के पहले दौर में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को हराया। चेक खिलाड़ी ने ऑल इंग्लैंड क्लब में 7-5, 4-6, 6-1 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। 10 महिला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम कर चुकी 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने दृढ़ता दिखाते हुए पहला सेट 7-5 से जीत लिया। 22 वर्षीय झेंग ने दूसरे सेट में 6-4 से जीत हासिल कर वापसी की कोशिश की। सिनियाकोवा ने 5-0 की शुरुआत के साथ अंतिम सेट पर अपना दबदबा बनाया और 6-1 से जीत दर्ज की। पिछले सीजन में घास पर किनवेन को हराने के बाद से यह सिनियाकोवा की पहली शीर्ष 10 जीत है। अब वह घास पर किनवेन के खिलाफ 3-0 से आगे हैं।



# भारत ने इंग्लैंड पर 2-0 से बढ़त बनाई

## जेमिमा व अमनजोत के अर्द्धशतकों से भारत ने ब्रिस्टल में इंग्लैंड का किला भेदा

■ टैमी ब्यूमोंट का अर्द्धशतक भी इंग्लैंड के काम न आया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच



**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (देशबन्धु)। अनुभवी जेमिमा रॉड्रिग्ज और अमनजोत कौर के बेहतरीन अर्द्धशतक और अपनी गेंदबाजों की नपी तुली गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मेजबान इंग्लैंड को ब्रिस्टल में दूसरे महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार देर रात 24 रन से हरा लगातार दूसरी जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड से सीरीज का ट्रेंट ब्रिज में खेला गया पहला मैच छह विकेट से जीता था। टैमी ब्यूमोंट का तेज अर्द्धशतक भी इंग्लैंड की महिला टीम के काम न आया। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड के अजेय किले समझे जाने वाले ब्रिस्टल में उससे पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता।

भारत की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर शैफाली वर्मा (3 रन, 4 गेंद), पहले मैच में शतक जड़ने वाली उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (13 रन, 13 गेंद, 2 चौके) व चोट के बाद वापसी करने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर (1 रन, 2 गेंद) के रूप में तीन विकेट 5.1ओवर में मात्र 31 रन पर खो दिए। शैफाली क्रीज छोड़ कर फिलर की गेंद को उड़ाने निकली और विकेटकीपर जोंस को कैच थमा और भारत ने पहला विकेट 14 रन पर खो दिया। स्मृति ने आर्लोट की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मिड ऑन पर बेल को कैच थमाया और भारत ने दूसरा विकेट 30 रन पर गंवा दिया और स्कोर में एक रन ही और जुड़ा था कि कप्तान हरमनप्रीत क्रीज ने बेल की शॉर्ट गेंद को उड़ाने के फेर में फाइन लेग पर फिलर को कैच थमा बैठी। अमनजोत कौर (अविजित 63 रन, 40 गेंद, 9 चौके) की जेमिमा रॉड्रिग्ज (63 रन, 41 गेंद, एक छक्का, 9 चौके) के साथ चौथे विकेट की 93 रन तथा ऋचा घोष(32 रन, 20 गेंद, 6 चौके) के साथ पांचवें विकेट की 57 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाए । भारत ने आखिरी दस ओवर में 117 रन बनाए। जेमिमा इंग्लैंड की सबसे कामयाब मध्यम तेज गेंदबाज लॉरेन बेल (2/17) की गेंद धीम वाइड गेंद को उड़ाने के फेर में कवर में डंकले को कैच थमा भारत की चौथी बल्लेबाज के रूप में 124 रन के स्कोर पर आउट हुई।

जवाब में भारत ने अपना दूसरा टी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचारणी (2/28) के बुने स्पिन के जाल की बदौलत टैमी टैमी ब्यूमोंट(54 रन,35 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) की खुद रन आउट होने से पहले विकेटकीपर एमी जोंस(32 रन,27 गेंद, चार चौके) के साथ चौथे विकेट की 70 रन तथा सौफी एकेलस्टोन (35 रन, 23 गेंद, एक छक्का, चार चौके) के मैच की आखिरी गेंद पर रन आउट होने से पहले एम आर्लोट (अविजित 5) के साथ सातवें विकेट के लिए 47 की भागीदारी के बावजूद इंग्लैंड को 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन पर रोक कर मैच जीत लिया।

भारत की अमनजोत कौर ने अर्द्धशतक जड़ने के बाद शिवर ब्रंट(13 रन, 10 गेंद, तीन चौके) को कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच करा उनका अहम विकेट ले पावरप्ले में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट 17 रन कर दिया। ब्यूमोंट ने चार बरस में अपना पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने सोफिया डंकले(1 रन, 5 गेंद) और डैनी वेट हॉज(1) के रूप में दो विकेट दो रन पर खो दिए। डंकेल रन आउट हुई जबकि हॉज ने ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद को उड़ाने की कोशिश में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को कैच थमा दिया। श्रीचारणी ने एलिस कैप्सी को अरुंधति रेड्डी के हाथों और एमी जोंस को अपनी ही गेंद पर लपक के अपने एक ही ओवर में आउट किया।

## मंधाना-शेफाली की जोड़ी के नाम 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। भारतीय टीम ने ब्रिस्टल में खेले गए इस मुकाबले में 24 रन से जीत दर्ज की। पांच मुकाबलों की सीरीज के इस दूसरे मैच के दौरान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला टी20 मुकाबलों में सर्वाधिक रन बनाने वाली जोड़ी बन गई है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अब तक इस फॉर्मेट में कुल 2726 रन बनाए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा हेली और बेथ मूनी की जोड़ी ने कुल 2720 रन जोड़े हैं। इस लिस्ट में सुजी बेट्स और सोफी डिवाइन की जोड़ी तीसरे पायदान पर है, जिसने साथ मिलकर न्यूजीलैंड के लिए कुल 2556 रन जुटाए हैं। ईशा ओझा और तीर्था सतीश की जोड़ी अब तक यूएई के लिए कुल 1985 रन बना चुकी है, जबकि पांचवें पायदान पर मौजूद कविशा ईगोडागे और ईशा ओझा की जोड़ी ने यूएई के लिए कुल 1976 रन जुटाए हैं। ब्रिस्टल में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने चार विकेट खोकर 181 रन बनाए। टीम 31 के स्कोर तक तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से जेमिमा रोड्रिग्स ने अमनजोत कौर के साथ चौथे विकेट के लिए 93 रन जुटाए। जेमिमा 41 गेंदों में एक छक्के और नौ चौकों के साथ 63 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अमनजोत ने ऋचा घोष के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। अमनजोत ने 40 गेंदों में 63 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 20 गेंदों में 32 रन की नाबाद पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से लॉरेन बेल ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए, जबकि लॉरेन फाइलर और एम अर्लॉट ने एक-एक शिकार किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम निर्धारित ओवरों के खेल तक सात विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी।

# दूसरे टेस्ट में स्मिथ की वापसी संभव

■ स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे



वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

**संट जॉर्ज,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में दूसरे टेस्ट में वापसी को तैयार हैं। स्मिथ ने उंगली के 'कंपाउंड डिस्लोकेशन' के बाद पहली बार ट्रेनिंग की है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि वह स्लिप में अपनी नियमित पोजीशन पर लौट पाएंगे। स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। स्मिथ ने पिछले रविवार टेस्ट टीम में शामिल होने के बाद अपने पहले ट्रेनिंग सेशन में लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' की रिपोर्ट के अनुसार, स्मिथ ने मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और टीम फिजियो के साथ बातचीत की, जिसके बाद स्लिप कैच और धीमी गेंदबाजी का अभ्यास किया। साथ ही उन्होंने ग्राउंड बॉल ड्रिल भी की। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पत्रकारों से कहा कि स्मिथ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। सोचिए कि जब वह टीम के लिए 10 हजार रन जोड़ते हैं, तो आप इससे बहुत खुश होते हैं। इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। जाहिर है, स्मिथ यहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह काफी आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं और वापसी करने के लिए उत्साहित हैं। मुझे लगता है कि थोड़ा और अनुभव टीम के लिए अच्छा है। मुझे लगता है कि स्मिथ वापसी के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में 159 रन से जीत दर्ज की थी। इस दौरान बीयू वेबस्टर ने सेकेंड स्लिप में स्मिथ की भूमिका निभाई थी। उनके अलावा जोश इंगलिस ने थर्ड स्लिप में फील्डिंग की। उम्मीद है कि स्मिथ नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे। ऐसे में जोश इंगलिस प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठ सकते हैं। ऐसे में वह प्लेइंग इलेवन में एकमात्र बदलाव होंगे। 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कॉनस्टास स्लिप कॉर्डन में शामिल होने वाले नए खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने मंगलवार को कैचिंग ड्रिल्स में हिस्सा लिया, जिसमें बीयू वेबस्टर, फर्स्ट स्लिप में उस्मान ख्वाजा और विकेटकीपर एलेक्स कैरी भी शामिल थे।

## सुधांशु मित्तल खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बने, उपकार सिंह बने महासचिव



**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। सुधांशु मित्तल फिर से खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए, जबकि उपकार सिंह विर्क महासचिव चुने गए। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने राष्ट्रीय राजधानी में केकेएफआई मुख्यालय में चुनावों के सफल आयोजन के बाद आधिकारिक तौर पर अपनी नई शासी संस्था की घोषणा की। चुनावों की देखरेख जिला न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) डॉ. कामिनी लाउ ने की, जो रिटर्निंग ऑफिसर थीं। गोविंद शर्मा को नई व्यवस्था का कोषाध्यक्ष चुना गया। उपकार सिंह विर्क पिछली शासी संस्था में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे, जबकि गोविंद शर्मा उसी में कार्यकारी सदस्य थे। घोषणा के बाद बोलते हुए,सुधांशु मित्तल ने कहा कि एक बार फिर से भारतीय खो-खो महासंघ का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलना सम्मान की बात है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने खेल की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छवि को ऊपर उठाने के लिए अथक प्रयास किया है। यह नया जनादेश हमें खो-खो की वैश्विक मान्यता और संस्थागत विकास के लिए हमारे दृष्टिकोण को गति देने के लिए प्रेरित करता है। नए निकाय ने आठ उपाध्यक्ष, चार संयुक्त सचिव और 13 कार्यकारी सदस्यों का भी चुनाव किया। अश्विनी बिपिन पाटिल और मोनिका शासी निकाय में एथलीट आयोग का प्रतिनिधित्व करेंगे। नए महासचिव उपकार सिंह विर्क ने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि खो-खो हमारी संस्कृति में निहित है, और इसे एक आधुनिक, वैश्विक खेल में बदलना हमारी पहुंच में है। हमारा ध्यान संरचित विकास, खेल के आधार का विस्तार करने और महासंघ के संचालन में पारदर्शिता और दक्षता लाने पर होगा।

## सार संक्षेप

### भारत की पहली मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारत की मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पहली बार लॉर्ड्स के मैदान पर मैच खेलकर इस सप्ताह इतिहास रच दिया। वर्तमान में चल रही सीरीज का यह मैच ऐसी टीम के साथ खेला गया जो कि तकरीबन आठ सालों से मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट खेल रही है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ भारत ने विश्वस्तरीय मंच पर इस प्रारूप में आधिकारिक प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर गैर लाभकारी संगठन स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनु जिंदल को इंग्लैण्ड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन स्थल पर सात क्रिकेट बोर्डो के अधिकारियों के समक्ष अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि स्वयं इसी नवंबर में एक्सेसिबल स्पोर्ट्स एण्ड टूरिज्म पर भारत के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भी करेगा। इस सम्मेलन में नीति, खेल, आतिथ्य एवं दिव्यांगता से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सुश्री जिंदल ने कहा कि लॉर्ड्स में जो कुछ भी हो रहा है, वह आकस्मिक नहीं बल्कि प्रतीकात्मक है। इस मैदान ने क्रिकेट के सबसे बेहतरीन पलों को देखा है।

### बांग्लादेश ने श्रीलंका को 244 रन के स्कोर पर रोका

**कोलंबो।** तसकीन अहमद (चार विकेट) और तंजीम हसन साकिब (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने पहले दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका की पूरी टीम को 244 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। आलम यह था कि पथुम निसंका और कामिंडु मेंडिस तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। निशान मदुश्का (6) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान चरित असालंका ने कुसल मेंडिस के साथ पारी को

# साक्षी, जैस्मिन, लक्ष्य चाहर अगले दौर में पहुंचे

विश्व बॉक्सिंग कप



■ जैस्मिन ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की

**अस्ताना,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में खेली जा रही विश्व बॉक्सिंग कप में शानदार शुरुआत की। मंगलवार को साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य चाहर अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। महिलाओं की 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को सर्वसम्मति से 5:0 से हराया। जैस्मिन ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को उसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4: से हराया। मनीष राठौर पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ करीबी मुकाबले के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में शामिल हो गए हैं, जिससे अस्ताना में टूर्नामेंट में भारत की मजबूत शुरुआत हुई है। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने विश्व मुक्केबाजी कप में अपने शुरुआती मुकाबलों में प्रभावशाली और सर्वसम्मत जीत हासिल की। महिलाओं की प्रतियोगिता में, मीनाक्षी ने लाइट-फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन पर 5-0 की स्पष्ट जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट श्रेणी में इंग्लैंड की केरी डेविस को करीबी मुकाबले में 3:2 से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप चरण में छह पदक जीते थे।

# भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है 'राष्ट्रीय खेल नीति' : भूपति



> राष्ट्रीय खेल नीति 2025 भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाती है : महेश भूपति

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता महेश भूपति ने स्वीकृत राष्ट्रीय खेल नीति 2025 की सराहना की है। उन्होंने बताया कि कैसे यह नीति पैडल जैसे उभरते खेलों के लिए दरवाजे खोलती है और भारत के 'ओलंपिक रोडमैप' को सशक्त बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देना और खेलों के जरिए लोगों को सशक्त बनाना है। 'वर्ल्ड पैडल लीग' के सह-संस्थापक महेश भूपति ने कहा कि राष्ट्रीय खेल नीति 2025 भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। रोमांचक बात यह है कि यह नीति केवल स्थापित खेलों पर ही फोकस नहीं करती है, बल्कि 'पैडल' जैसे उभरते खेलों के लिए भी जगह बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी लीग शुरू करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित करना और निजी क्षेत्र के सहयोग को बढ़ावा देना, यही वह पहलू हैं, जो पैडल जैसे नए और उभरते खेलों के विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेती है और भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप पेश करती है। इसमें 2036 ओलंपिक गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लक्ष्य को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। महेश भूपति ने कहा कि यह भारत के खेल इकोसिस्टम का अगला अध्याय है, जो भागीदारी, निवेश और वैश्विक उत्कृष्टता को प्रेरित करेगा। हम इस सफर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं।

# गोंजालो ने रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

■ ग्रेगोरियो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी



क्लब वर्ल्ड कप

**मियामी,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड ने हार्ड रॉक स्टेडियम में जुवेंटस को 1-0 से हराकर क्लब विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

यह मुकाबला जाबी अलोंसो की टीम के शानदार दूसरे हाफ के चलते तय हुआ, जिसमें 54वें मिनट में गोंजालो के जबरदस्त हेडर ने टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जुवेंटस के गोलकीपर डी ग्रेगोरियो ने रियल मैड्रिड को और गोल करने से रोके रखा। मैड्रिड ने मुकाबले के ज्यादातर समय दबदबा बनाए रखा, लेकिन सिर्फ जुवेंटस के गोलकीपर मिशेल डी ग्रेगोरियो के शानदार बचावों की बदौलत जीत का अंतर और बड़ा नहीं हो सका।

रियल मैड्रिड ने तेज शुरुआत की। उसने जुवेंटस के हाफ में ही डेरा जमाए रखा, लेकिन सीरी-ए की टीम के तेज काउंटर-अटैक ने उन्हें लगभग चौंका ही दिया। इस अटैक का अंत रैंडल कोलो मुआनी के उस प्रयास के साथ हुआ, जो थिबो कर्टुआ की नेट की छत पर जाकर लगा। इसके बाद फ्रांसिस्को कोंसेसाओ के पास गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन उन्होंने फ्री हेडर को सीधा रियल के दिग्गज बेल्जियन गोलकीपर कर्टुआ के हाथों में मार दिया। हालांकि, जुवेंटस के गोलकीपर मिशेल डी ग्रेगोरियो ने पहले हाफ में दो बार अपनी टीम को बराबरी पर रखा। खास तौर पर हाफ आवर के करीब उन्होंने जूड बेलिंगहम के नजदीक से की गई कोशिश को अपने पैर की मदद से असामान्य तरीके से रोकते हुए शानदार बचाव किया।

पहले हाफ के इंजरी टाइम में डी ग्रेगोरियो का सबसे बेहतरीन बचाव देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने फेडरिको वाल्वर्डे के लगाए गए शानदार शॉट को गोल में जाने से रोका। 27 वर्षीय ग्रेगोरियो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने तेजी से आते दो खतरनाक प्रयासों को रोका। लेकिन, आखिरकार डी ग्रेगोरियो भी मात खा ही गए। मुकाबले के 54वें मिनट में गोंजालो गार्सिया ने ट्रेंट एलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की क्रॉस पर शानदार हेडर लगाकर रियल मैड्रिड को एक बढ़त दिला दी। इसके बाद फेडरिको वाल्वर्डे की एक शानदार ओवरहेड किक पर डी ग्रेगोरियो ने एक और शानदार बचाव किया।

इसी दौरान रियल मैड्रिड ने टूर्नामेंट में पहली बार किलियन एम्बाप्पे को मैदान में उतारा, जो गैस्ट्रोएन्टराइटिस के चलते शुरुआती मुकाबले मिस कर चुके थे। मैच के अंतिम क्षणों में रियल मैड्रिड ने पूरी तरह से पकड़ बनाए रखी। वहीं, जुवेंटस पूरे मुकाबले में गोल दागने में नाकाम रही।

# एमएलसी 2025 : सिएटल ओकार्स की यूनिकॉर्न्स पर चार विकेट से जीत



■ सिएटल ओकार्स की टीम ने आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 22वें मैच को अपने नाम किया। सिएटल ओकार्स ने फ्लोरिडा में खेले गए इस मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। यह सीजन में सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड की दूसरी हार रही। टीम अब तक आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है। प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर मौजूद यह टीम पहले ही 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं, दूसरी ओर आठ में से तीन मैच जीतकर सिएटल ओकार्स ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को कायम रखा है। सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड के अलावा वाशिंगटन फ्रीडम और टेक्सास सुपर किंग्स भी अगले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड ने पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए। टीम महज दो रन पर कप्तान मैथ्यू शॉर्ट (2) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से फिन एलन ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। फिन एलन 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जैक ने 22 गेंदों में 35 रन की पारी खेली। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद संजय कृष्णमूर्ति ने टिम सेफर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। संजय कृष्णमूर्ति ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 41 रन की पारी खेली, जबकि टिम सेफर्ट 31 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी टीम की ओर से अयान देसाई ने सर्वाधिक दो विकेट झटके। इसके जवाब में सिएटल ओकार्स ने तीन गेंदें शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली। टीम 18 रन तक स्टीवन टेलर (0) और काइल मेयर्स (3) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से शायन जहांगीर (36) ने कप्तान सिकंदर रजा (11) के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की। रजा के आउट होने के बाद शिमरोन हेटमायर ने टीम को जीत दिलाने का जिम्मा उठाया।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### आदिवासी कल्याण विभाग की शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**भीमपुर, देशबन्धु।** भीमपुर ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य ग्राम कुनखेड़ी में प्राथमिक शाला भवन और शिक्षक आवास की जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों के अनुसार यह जमीन पूर्व में वर्ष 1949 के पहले परसराम पिता रामाराव निवासी भैंसदेही द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए दान दी गई थी। उस पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्राथमिक शाला, शिक्षक आवास, अतिरिक्त कक्ष, एक पुराना कुआं और हैंडपंप का निर्माण किया गया था।

ग्रामीणों का आरोप है कि अब अनावेदकों द्वारा इस भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने इस निर्माण का विरोध किया और प्रशासन से शिकायत की बात कही तो अनावेदकों ने धमकी दी। ग्रामीणों द्वारा बताई गई भूमि खसरा नंबर 155/1, रकबा 0.094 हेक्टेयर पर स्थित है। 2 मार्च 2022 को अनावेदक के नाम पर विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण हुआ, जिसके बाद उक्त भूमि को निजी बताकर कब्जा किया गया। गांव के सरवन आर्य, मुन्नालाल, बाबूलाल, नवरसिंह, कमल सिंह, हरि किशोर सहित अनेक ग्रामीणों ने एसपी बैतूल को आवेदन सौंपते हुए अनावेदकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### बोधगया एक्ट, वक्फ संशोधन और नई शिक्षा नीति के खिलाफ प्रदर्शन

**बैतूल, देशबन्धु।** भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में 1 जुलाई को राष्ट्रव्यापी भारत बंद का आयोजन किया गया। ईवीएम के खिलाफ और बैलेट पेपर प्रणाली की पुन: बहाली, ओबीसी की जातिगत जनगणना, नई शिक्षा नीति का विरोध, आरक्षण में हो रही कटौती और किसानों व कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर किए गए इस बंद को बैतूल जिले में भी व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ।

### ऑपरेशन के 8 दिन बाद तक आंखों में गंदा पानी नहीं जाने देना चाहिए : डॉ. सिमैया

**बैतूल, देशबन्धु।** डॉक्टर कविता सिमैया ने मरीजों से कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन से पहले कुछ सावधानियां रखना जरूरी है इसके लिए जरूरी है कि ऑपरेशन के पहले अपने डॉक्टर को अपनी प्रतिदिन चलने वाली दवाइयां के बारे में बताना चाहिए। सर्जरी से पहले आरामदायक कपड़े पहनना जरूरी है। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में सेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 88 मरीज के आंखों की जांच की गई एवं 35 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल में किए जाएंगे। शिविर का शुभारंभ डॉक्टर कविता सिमैया, श्रीमती किरण परमार, कविता कोसे, प्रियांशु धोते ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर सिमैया ने कहा कि सर्जरी के कुछ दिनों बाद तक आराम करना जरूरी है और भारी वजन उठाने से बचना चाहिए, पहले कुछ हफ्तों तक कोई भी घरेलू काम या खाना पकाने का काम नहीं करना चाहिए, अपनी आंखों को छूने या रगड़ने से बचना चाहिए डॉक्टर द्वारा दी गई आई ड्रॉप्स का नियमित रूप से उपयोग करना चाहिए ,मरीज को चाहिए की सर्जरी के एक सप्ताह तक आंखों में किसी भी प्रकार का गंदा पानी नहीं जाना चाहिए। श्रीमती किरण परमार और कविता कोसे ने मरीज को ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच करने में सहयोग किया।

### मुलताई यार्ड में ट्रैक कार्य के चलते पांच दिनों तक रात में सड़क यातायात रहेगा बंद

**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई यार्ड में तीसरी मेन लाइन, सेंटिंग नेक, डाउन लूप लाइन एक्सटेंशन तथा क्रॉस ओवर का निर्माण एवं ट्रैक लेयिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते एलसी लेवल क्रॉसिंग गेट क्रमांक 265 किमी 898/0-2 पर सड़क यातायात प्रभावित रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य 4 जुलाई से 8 जुलाई तक चलेगा। इन पांच दिनों में प्रतिदिन रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक उक्त लेवल क्रॉसिंग पर सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

### जनकल्याण की कामना को लेकर निकली पदयात्रा पहुंची बैतूल

**बैतूल, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा जनकल्याण की भावना से छिंदवाड़ा से दादाजी धूनीवाले धाम खंडवा के लिए निकाली गई पदयात्रा मंगलवार को बैतूल जिले में पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2 जुलाई को कान्हा भोजनालय ससुन्द्रा से यह पदयात्रा प्रारंभ होकर बैतूल पहुंचेगी। जहां बैतूल में ही रात्रि विश्राम रहेगा। 3 जुलाई को पदयात्रा बैतूल से प्रारंभ होकर प्राथमिक शाला चिखली पहुंचेंगी, यहां पदयात्रा का रात्रि विश्राम रहेगा। 4 जुलाई को पदयात्रा प्राथमिक शाला चिखली से प्रारंभ होकर ग्राम चिल्लौर के शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। तत्पश्चात 5 जुलाई को चिल्लौर से पदयात्रा खंडवा के लिए रवाना होगी। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा 26 जून को जनकल्याण की कामना को लेकर छिंदवाड़ा से दादाजी धूनीवाले धाम खंडवा तक की 411 किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई है। पदयात्रा 10 जुलाई को खंडवा धूनी वाले दादाजी के धाम पहुंचेंगी, जहां गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पदयात्रा का समापन किया जाएगा।

#### दुधी नदी में आया बारिश का पहला पानी, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

# बनखेड़ी क्षेत्र में मानसून की दस्तक के साथ झमाझम बारिश से खुशी





**बनखेड़ी, देशबन्धु ।** मानसून की सक्रियता के साथ बनखेड़ी क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से रिमझिम और कभी तेज बारिश का दौर जारी है। क्षेत्रवासियों के लिए यह राहत की बारिश बनकर आई है, खासकर किसानों के लिए। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात तेज बारिश ने जहां मौसम को ठंडा और सुहावना बना दिया, वहीं क्षेत्र की प्रमुख नदियों और नालों में पानी का बहाव शुरू हो गया है। मंगलवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण माल्हनवाड़ा की दुधी नदी में पहली बार बारिश का पानी आया। नदी में पानी बहते ही आसपास के गांवों खासकर माल्हनवाड़ा, बनखेड़ी और खापा से बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी का नजारा देखने पहुंचे। ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने नदी के किनारे खड़े होकर प्राकृतिक दृश्य का आनंद लिया और कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो और फोटो भी बनाए।

किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान - कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद अच्छी बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। क्षेत्र में मुख्यत: धान की खेती होती है, जो पूरी तरह बारिश पर निर्भर होती है। अब तक नमी की कमी के चलते खेतों में तैयारी अधूरी थी, लेकिन अब बारिश के पानी से खेतों में नमी आ गई है और किसान धान की रुपाई की तैयारी में जुट गए हैं। ।बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने नदी के किनारे खड़े होकर प्राकृतिक दृश्य का आनंद लिया ।सभी उत्साहित दिख रहे थे।

#### गांवों में रोजगार की संभावना-

जैसे-जैसे बारिश आगे बढ़ेगी, कृषि कार्यों की गति तेज होगी। इससे गांवों में स्थानीय स्तर पर मजदूरों को रोजगार मिलेगा। लॉकडाउन और महंगाई से प्रभावित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। खेतों में काम शुरू होने से गांव में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और मजदूर वर्ग को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जमुनिया रंधीर के स्थानीय किसान देवेंद्र अहिरवार ने बताया, अगर इसी तरह बारिश होती रही तो धान की अच्छी फसल होगी। हम लोगों ने बीज बो दिए हैं, अब रुपाई शुरू करेंगे। वहीं महिला किसान रामप्यारी बाई ने बताया कि गांवों में अब मजदूरी के अवसर भी बढ़ेंगे क्योंकि धान की रोपाई में अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

#### प्रशासन और ग्रामीणों को अलर्ट रहने की जरूरत, नदी-नाले उफनाए

हालांकि नदी-नालों में पानी बढ़ने के कारण प्रशासन और ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरत है। जलस्तर अचानक बढ़ने पर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ग्राम पंचायतों को चेतावनी संकेतक लगाने और बच्चों को नदी-नालों के पास न जाने देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

## नगर में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में सुदामा चरित्र की कथा से श्रद्धालु हो गए भावविभोर

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** नगर के एक निजी गार्डन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का समापन बुधवार को सुदामा चरित्र की कथा के साथ हुआ। अंतिम दिवस में भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल को आकर्षक और भव्य झांकियों से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं की जीवंत झांकियां देख श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए। यह महोत्सव पटवा परिवार द्वारा नगर के श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक उन्नति और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



## लंबित मांग हुई पूरी, नाहिया से अंधारिया होते हुए नांदपुर 7 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन

**आमला, देशबन्धु।** आमला लोक निर्माण विभाग द्वारा नहिया से अंधारिया होते हुए नांदपुर तक 7 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य ग्राम पंचायत अंधारिया भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डी डी उईके द्वारा भूमि पूजन किया गया सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा 8 करोड़ 87 लाख की लागत से बनाई जाएगी इस कार्यक्रम में जिसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल , मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की उपाध्यक्ष मोहन नागर ग्राम पंचायत अंधारिया सरपंच मीनावती गडेकर,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गड़ेकर लोक निर्माण विभाग ई ई प्रीति पटेल उपस्थित भूमि पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया जिसमें 101 पौधे वितरित किए गए शहीदों को श्रद्धांजलि दिए गए एवं स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत अंधारिया के आसपास की ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि ,विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

### विधायक को लगाया तिलक, दी बधाई

**आमला।** केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने विधिवत मंत्रोचारण के बीच , विधायक हेमंत खंडेलवाल जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नगर विधायक चंदशेखर देशमुख भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार जिला उपाध्यक्ष हसंराज धुर्वे के साथ तिलक कर दी जन्मदिन की बधाई दी । विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे का विभिन्न कार्यक्रमों एव अभिनंदन समारोह में शामिल हुए ।

#### कलेक्टर जैन ने बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

## स्पॉन्शरशिप योजना के तहत लाभान्वित बालकों की फॉलोअप रिपोर्ट घर-घर जाकर लें, कोई छूटे न

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में ''जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत गठित अन्य विभागीय समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सविता झानिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सीमा जैन एवं विभागीय पर्यवेक्षक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने खिरकिया की सुपरवाईजर श्रीमती सविता मासरे द्वारा क्षेत्र भ्रमण कम करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी अधिकारियों को क्षेत्र का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। उन्होने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आंगनवाडी केन्द्र निर्धारित समय पर खुलेंकलेक्टर श्री जैन ने बैठक में निर्देश दिये कि स्पॉन्शरशिप योजना के तहत लाभ ले रहे सभी बालकों की फॉलोअप रिपोर्ट समय पर घर घर जाकर ली जावे। उन्होने निर्देशित किया कि पोषण ट्रैकर पोर्टल पर सभी हितग्राहियों की जानकारी भरी जाए। वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत आने वाले सभी प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की जावे। उन्होने निर्देशित किया प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाडली लक्ष्मी योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जावे। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## भूमि का कब्जा दिलाने तहसीलदार को दिए निर्देश

**शाहपुर, देशबन्धु।** जनसुनवाई में शाहपुर तहसील के ग्राम चिखली रैयत निवासी साहब लाल ने भूमि का कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि चिखली रैयत में उनकी भूमि पर रामाधार ने अवैध कब्जा कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के पास से सीमांकन का केस पक्ष में आने के बाद भी मुझे मेरी भूमि का कब्जा नहीं मिल पाया है। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने शाहपुर तहसीलदार को तत्काल भूमि का कब्जा दिलाए जाने के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के गर्ग कॉलोनी के निवासियों ने आवेदन देकर वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विद्युत उपयंत्री को निरीक्षण कर प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल निवासी रोशनी ने गरीबी रेखा का नया कार्ड बनाए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### कंडम छात्रावास भवन को खाली करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत जीन निवासी सुनीता ने कंडम छात्रावास भवन खाली कराए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने ट्राइबल विभाग को छात्रावास भवन खाली करवाकर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के अर्जुन वार्ड निवासी हेमराज नागले ने आवेदन के माध्यम से राशन कार्ड बनाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। गौठाना निवासी मंगलीबाई धुर्वे ने पुत्र के मृत्यु उपरांत शासन से मिलने वाली सहायता राशि आज दिनांक तक नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण किया जाने के निर्देश दिए। ग्राम गंगापुर निवासी राजेंद्र नागले ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद पंचायत सीईओ मुलताई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### आवासीय पट्टा दिए जाने की मांग

घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पाढर निवासी अबरार कुरैशी ने आवेदन के माध्यम से बताया कि तहसीलदार को भूमि में नाम सुधारने के लिए पूर्व में आवेदन दिया था, जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए है। शाहपुर तहसील के ग्राम बरबटपुर निवासी रानी कुशवाहा ने आवासीय पट्टा दिए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## महिला इकाई की नई अध्यक्ष बनीं लता वर्मा, हुआ समारोह

**बैतूल।** मध्य प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला बैतूल की महिला इकाई की कमान अब श्रीमती लता अजय वर्मा टिकारी के हाथों में होगी। सोमवार को आयोजित एक सादगीपूर्ण समारोह में महिला इकाई की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजप्रभा वर्मा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर नगर परिषद बैतूल बाजार की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गावती संजय वर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहीं।

लता वर्मा बैतूल बाजार निवासी एवं प्रेसीडेंट रहे स्व. गणेशप्रसाद वर्मा की सुपुत्री हैं। उन्होंने घोषणा की कि अपने कार्यकाल की शुरुआत वह फूलदार, फलदार एवं छायादार पौधों के रोपण से करेंगी। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ महिलाएं श्रीमती कीर्ति वर्मा, हंसलता वर्मा, करूणा वर्मा, संगीता वर्मा, नंदिनी वर्मा तथा मनीषा वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मलकापुर, बैतूल बाजार तथा टिकारी क्षेत्र से ब?ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए और लता वर्मा को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विद्यार्थियों ने सेवानिवृत शिक्षक का किया सम्मान, दी बधाइयां

**बैतूल।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला गोनीघाट के शिक्षक जयप्रकाश सरले 30 जून को सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विदाई सह-सम्मान समारोह आयोजित कर शाला परिवार के सदस्य, ग्रामवासी और विद्यार्थियों ने शिक्षक जयप्रकाश सरले को उनके 42 वर्षों के शानदार शैक्षिक सेवा काल के लिए सम्मानित किया। शिक्षक श्री सरले ने अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर सभी को अपनी सेवा के समय के अनुभवों से प्रेरित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक श्री सरले द्वारा संकुल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शाला गणवेश प्रदान की गई। साथ ही सभी ग्रामवासियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा की महत्वता पर बल दिया।

#### चिन्हित जीर्ण शीर्ण भवनों को डिसमेंटल करने की कार्यवाही की जाए

## अनुविभागीय अधिकारी आश्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बुधवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही पूर्व तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निकायों में एवं जनपद पंचायत स्तर पर संभावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि के लिए की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य, विद्युत, घाटों पर वाटर लेवल मार्किंग आदि की समीक्षा की ओर अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए।

जर्जर शासकीय एवं अशासकीय भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें संबंधित अधिकारी

कलेक्टर ने जिले में जर्जर शासकीय एवं अशासकीय भवनों को चिन्हित कर जीर्ण शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि चिन्हित किए गए भवनों में से जीर्ण शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल करवाया जाए साथ ही जिन भवनों की मरम्मत की गई हो उन भवनों की भी दोबारा जांच कर मजबूती सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में निकायवार सभी सीएमओ ने जानकारी दी की निकाय स्तर पर भवनो का चिन्हांकन कर लिया गया है। समस्त भू स्वामियों एवं शासकीय विभागों को नोटिस के माध्यम से सूचित भी किया जा चुका है। पिपरिया, बनखेड़ी माखनगर अंतर्गत जीर्ण शीर्ण भवनों को तोड़ने की कार्यवाही भी की गई है। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए की आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि किसी भी जर्जर भवन में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन न किया जा रहा हो।

### जरूरतमंद मरीजों को मिले एयर एम्बुलेंस की सुविधा

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में आपात स्वास्थ्य चिकित्सा के जरूरतमंद मरीजों को एयर एंबुलेंस के माध्यम से बाहर भेजे जाने के लिए सीएमएचओ आवश्यक कार्यवाही करें। इसके लिए पर्याप्त प्रचार करवाया जाए साथ ही निजी स्वास्थ संस्थानों के साथ भी समन्वय स्थपित कर उन्हें इस योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। उन्होनें कहा कि नागरिकों को योजना के बारे में जागरुक करनें के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी करवाऐं। जिससे मरीजों को समय पर इस बहुउपयोगी योजना का लाभ प्राप्त हो सके। यह योजना गंभीर बीमारी वाले मरीजों को समय पर उचित इलाज उपलब्ध करवाये जानें में जीवनरक्षक साबित होगी। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि वर्षा काल को दृष्टीगत रखते हुए डेंगू एवं मलेरिया के मच्छरों की रोकथाम के लिए भी स्वास्थ्य विभाग निरंतर सर्वे कर लार्वा विनिष्टिकरण की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आपदा के समय राहत पहुंचाने का प्रमुख घटक होता है इसलिए संपूर्ण स्वास्थ्य अमला एक्टिव मोड में रहे। राहत प्रकरण में पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध करवाई जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राहत प्रकरणों में पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र शासन द्वारा जारी राहत सहायता एवं राशि उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# मजदूर मां-बाप ने खेतों में पसीना बहाया, बेटे ने एनआईटी में परचम लहराया

**आमला ब्लॉक के छोटे से गांव जम्बाडी खुर्द के दीपेश ने हासिल की 328वीं रैंक**

*बैतूल, देशबन्धु।* जिन्होंने कभी स्कूल की देहरी नहीं देखी, वो आज बेटे की कामयाबी पर गर्व से आंखें नम कर रहे हैं। खेतों में मजदूरी कर बेटे को पढ़ाने वाले मां-बाप ने ये साबित कर दिया कि अगर जज्बा हो, तो हालात भी हार मान जाते हैं। आमला ब्लॉक के छोटे से गांव जम्बाडी खुर्द का दीपेश साबले आज एनआईटी के ऑल इंडिया एग्जाम में 328वीं रैंक हासिल कर पूरे जिले, गांव और मजदूर समाज का नाम रौशन कर रहा है।



दीपेश के पिता हेमराज साबले केवल 5वीं तक पढ़े हैं, जबकि मां जमुना बाई निरक्षर हैं। दोनों ही वर्षों से दूसरों के खेतों में मजदूरी करते हैं। उन्हें जीवनभर इस बात का मलाल रहा कि वे पढ़ाई नहीं कर पाए। लेकिन उन्होंने ये ठान लिया था कि अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर एक बेहतर भविष्य देंगे। इसी जिद और सपने के साथ उन्होंने दीपेश और उसकी बहन की पढ़ाई के लिए कठिन परिश्रम किया।

दीपेश ने गांव में ही 12वीं तक पढ़ाई की। इसके बाद वह बैतूल से इंदौर गया, जहां से उसने बीसीए की पढ़ाई की। पढ़ाई का खर्च बढ़ने लगा तो मां जमुना बाई ने खेतों में और अधिक मेहनत की ताकि दीपेश की कोचिंग, रहन-सहन की व्यवस्था हो सके। दीपेश ने इंदौर के एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में एनआईटी की तैयारी के लिए एक साल तक कड़ी मेहनत की। पहली बार में सफलता नहीं मिली, लेकिन हार नहीं मानी। दूसरी बार फिर से तैयारी की और इस बार एनआईटी के एंट्रेंस एग्जाम में देशभर में 328वीं रैंक प्राप्त की।

दीपेश की इस सफलता में उसकी छोटी बहन का भी बड़ा योगदान रहा। वह अहमदाबाद में नौकरी कर रही है और लगातार दीपेश की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग देती रही। परिवार के त्याग और सहयोग से दीपेश ने यह मुकाम हासिल किया। अब दीपेश एनआईटी कॉलेज से एमसीए करने की योजना बना रहा है। इसके बाद उसे आईटी या सॉफ्टवेयर कंपनी में प्लेसमेंट मिलने की पूरी उम्मीद है। दीपेश का सपना है कि वह अपने माता-पिता को एक बेहतर जीवन दे और उनकी वर्षों की मेहनत का फल उन्हें सम्मान के रूप में लौटाए। दीपेश की इस कामयाबी ने यह सिद्ध कर दिया कि संसाधन भले ही सीमित हों, लेकिन अगर इरादे मजबूत हों और परिवार साथ हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### 20 जुलाई को लगेगा मोतियाबिंद जांच परामर्श के साथ ऑपरेशन शिविर

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 20 जुलाई दिन रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में आयोजित किया जाएगा। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध जनों की आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल में निशुल्क किए जाएंगे। श्री साहू ने बताया कि शिविर में मरीज को आवास, परिवहन, भोजन, दवाइयां एवं चश्मा की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। ऑपरेशन के कुछ दिनों बाद मरीजों की आंखों की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में दोबारा की जाएगी एवं मरीज को निशुल्क आई ड्रॉप एवं चश्मो का वितरण भी किया जाएगा। श्री साहू ने घोड़ाडोंगरी वीडियो से मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### जरूरतमंद स्कूली बच्चों को दी बरसाती और स्टेशनरी, अच्छी पहल

**बैतूल, देशबन्धु।** इंसानियत का सबसे बड़ा पैगाम है मदद और सेवा। मुहर्रम जैसे पवित्र मौके पर जब सभी अपने-अपने तरीके से श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं, वहीं बैतूल की एक सामाजिक संस्था ने जरूरतमंद बच्चों के लिए वो काम किया जिसने इंसानियत की मिसाल पेश कर दी। सामाजिक संस्था आवाज़ दो हम जिन्दा हैं (आवाज़ दो सोशल वेल्फेयर समिति) ने 6 मोहर्रम को आका इमाम हुसैन की याद में एक विशेष लंगर का आयोजन किया। इसके साथ ही संस्था ने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर एक सराहनीय पहल की। संस्था के सदस्यों ने ऐसे मासूम बच्चों को चिन्हित किया जो स्कूल तो जाते हैं, लेकिन बरसात के मौसम में उनके पास खुद को भीगने से बचाने के लिए न तो बरसाती है, न ही पांव में चप्पल। इससे उन्हें स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के सक्रिय सदस्य मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर यह नेक कार्य सम्पन्न किया। आयोजन का उद्देश्य यह भी था कि समाज में शिक्षा और सेवा दोनों को बराबरी से महत्व दिया जाए।

### ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष बने, धनियाजाम में हर्ष की लहर, शुभचिंतक हुए खुश

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धनियाजाम के सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह ठाकुर को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी ने एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 29 जून को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की गई है। ठाकुर की सक्रियता और संगठन विस्तार में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें दोबारा यह दायित्व सौंपा गया है।

### रेरा में पंजीयन नहीं, फिर भी बेचे जा रहे भूखंड, आम आदमी पार्टी मुखर

**बैतूल, देशबन्धु।** तहसील बैतूल के ग्राम टिकारी में बिना रेरा पंजीयन के कॉलोनी काटकर आम जनता से लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में आम आदमी पार्टी, मध्यप्रदेश के लेबर विंग के प्रदेश सचिव विनोद जगताप ने संभागायुक्त नर्मदापुरम केजी तिवारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। विनोद जगताप ने बताया कि ग्राम टिकारी में विद्यासागर रेसीडेंसी कॉलोनी कल्पतरु बिल्डर्स द्वारा संचालित की जा रही है, शिकायत में आरोप है कि कॉलोनी का रेरा में कोई पंजीयन नहीं है। इसके बावजूद कॉलोनी में बड़े स्तर पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। आम जनता को गुमराह करने के लिए फर्जी रेरा अप्रूवल नंबर, प्रचार ब्रोशर और झूठे दावों का सहारा लिया गया है। लोगों से 21 हजार की बुकिंग राशि और 11 माह की किश्तों के माध्यम से मोटी रकम वसूली गई है।

## धौल के ग्रामीणों ने ऐसा काम किया जिसकी चर्चा सब तरफ हो रही

# जब जिम्मेदारों से उम्मीदें टूटी तो खुद उठाया फावड़ा, बना दी सड़क





**बैतूल, देशबन्धु।** जब नेता खामोश हो गए, सिस्टम ने मुंह मोड़ लिया, तब धौल गांव के लोगों ने खुद मोर्चा संभाल लिया। कीचड़ और जर्जर रास्ते की मार झेल रहे ग्रामीणों ने उम्मीदों की जगह जमीनी हकीकत को चुना और अपनी मेहनत, चंदा व किराए की जेसीबी से एक किलोमीटर सड़क तैयार कर डाली।

ब्लाक बैतूल के ग्राम धौल के ग्रामीण वर्षों से कच्ची सड़क की परेशानी झेल रहे थे। धौल ढाना से ग्राम लापाझिरी तक पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर का कच्चा रास्ता ही एकमात्र सहारा था। बारिश में यह रास्ता कीचड़ से भर जाता और आवागमन ठप हो जाता। इस मार्ग से किसानों के खेत भी जुड़े हुए हैं, जिससे बरसात के मौसम में खेती तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता था।

ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद से गुहार लगाई, लेकिन कहीं से भी सहयोग नहीं मिला। ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद सभी भाजपा से जुड़े होने के बावजूद इस समस्या की अनदेखी करते रहे। जब ग्रामीणों ने देखा कि कहीं से उम्मीद नहीं बची, तो उन्होंने स्वयं सड़क बनाने का निर्णय लिया।

इस कार्य में उपसरपंच आशाराम वरकडे, रतन भलावी, माडुसिंह वरकड़े, सिडुसिंह वरकड़े, अशोक वरकड़े, जयपाल वरकड़े, शिवकिशोर वरकड़े, नंदकिशोर वरकड़े, कुंदन भलावीं, कीर्तिराम वरकड़े, भारत वरकड़े, बलवंत वरकड़े, रामकिशोर धुर्वे, प्रेम भलावीं, मूलचंद वरकड़े, लक्ष्मण धुर्वे, सेवकराम गावंडे, रामपाल वरकड़े, भगु वरकड़े, राजू वरकड़े, संतु काकोड़िया, रामसिंग वरकड़े, जग्गू भलावीं, फाटू उइके, चेतनराम इंगरे सहित दर्जनों ग्रामीणों ने योगदान दिया।

रतन भलावीं ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने पूरी तरह से इस विषय पर चुप्पी साध ली थी। सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों से मदद की मांग की गई लेकिन नतीजा शून्य रहा। इसलिए गांववासियों ने स्वयं आगे बढ़कर कार्य किया और आने वाले समय में बाकी सड़क भी ग्रामीण अपने सहयोग से बना लेंगे।

### आपस में चंदा इकट्ठा कर जुटाए 50 हजार और शुरू किया काम

गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने आपस में मिलकर चंदा इकट्ठा किया। कुल 50 हजार रुपये जमा किए गए। फिर जेसीबी किराए पर लेकर बोल्डर और मुरम निकलवाए गए। ट्रैक्टर-ट्रालियों की मदद से 5 किलोमीटर लंबे कच्चे मार्ग में से एक किलोमीटर हिस्से पर एक फीट ऊंची सड़क तैयार कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य सिर्फ शुरुआत है, बाकी हिस्से की सड़क भी ग्रामीण अपने प्रयासों से बनाना चाहते हैं।

## जन्मोत्सव: ताप्ती ध्वज यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु



**बैतूल, देशबन्धु।** धर्म, श्रद्धा और परंपरा के संगम का अद्भुत नज़ारा बुधवार 2 जुलाई को बैतूल जिले में देखने को मिला, जब पुण्य सलिला मां ताप्ती के जन्मोत्सव पर निकाली गई विशाल ध्वज यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में मां ताप्ती के जयकारे लगाए।

पुण्य सलीला मां ताप्ती का जन्मोत्सव बुधवार को पूरे जिले में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। बैतूल विरासत समिति द्वारा मुलताई के ग्राम कामथ से मां ताप्ती की पावन ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भक्ति संगीत और जयकारों के साथ निकली पदयात्रा में महिला, पुरुष व बच्चे पूरे उत्साह से शामिल हुए। यात्रा ग्राम कामथ के प्राचीन शिव मंदिर में पूजन-पाठ से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई मां ताप्ती के पावन तट, मुलताई पहुंची।

विरासत समिति के संयोजक राजू अनुराग पवार ने बताया कि समिति पिछले तीन वर्षों से यह धार्मिक आयोजन निरंतर कर रही है। बुधवार को प्रात: 11 बजे उनके निज निवास ग्राम कामथ से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में आसपास के सैकड़ों गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। मुलताई में मां ताप्ती के तट पर विधि-विधान से पूजन-अभिषेक किया।

### ताप्ती सदा नीर अभियान तहत किया पौधारापण



**भैंसदेही, देशबन्धु।** सवालमेढा विधा भारती भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा संचालित जनजाति बालक छात्रावास धाबा में जनजाति शिक्षा जिला भैंसदेही द्वारा मां ताप्ती के जन्मोत्सव पर आम सीताफल का पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर जनजाति शिक्षा के जिला प्रमुख राजेश वर्टी ने अपने उदबोधन में कहा कि जनजाति समाज प्रकृति संरक्षण के साथ ही हमेशा से प्रकृति पूजक रहा है जनजाति समाज के लोग नदी, पहाड़, पेड़ प्रकृति की वर्षों वर्ष से पूजा करते चले आ रहे हैं/सही मायने में जनजाति समाज को प्रकृति को संरक्षित कर रहा है। मां ताप्ती सदा नीरा अभियान के अन्तर्गत मेंधा नदी के किनारे बीजारोपण किया गया जिससे भूमि का कटाव नहीं होता है/तथा नदी सदा नीरा रहती है इस मौके पर जनजाति शिक्षा के प्रान्त प्रमुख रूप सिंह लोहाने ,जनजाति शिक्षा के प्रवासी कार्यकर्ता, छात्रावास के बालक, अधीक्षक विजय श्रीवास्तव एवं सहयोगी नन्द लाल मर्सकोले उपस्थित रहे।

## झूठी शिकायतों के खिलाफ आवेदक ने जनसुनवाई में कर दी शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के ग्राम छिपन्या पिपरिया में एक बार फिर राजस्व संबंधी झूठी शिकायतों से विवाद गरमा गया है। किसानों की पैतृक भूमि को लेकर हाईकोर्ट और एसडीएम स्तर से स्पष्ट आदेश जारी होने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व किसानों को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। खास बात यह है कि जिन खसरों को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, वे वर्षों पहले ही राजस्व आदेश में स्पष्ट हो चुके हैं और न्यायालयों ने भी इनका निपटारा कर दिया है। मंगलवार 1 जुलाई को जनसुनवाई में की गई शिकायत में इसका खुलासा हुआ है। तहसीलदार आमला द्वारा अतिक्रमण के जवाब में आदेश प्रस्तुत किए है। ग्राम छिपानिया पिपरिया निवासी विक्रमसिंह परमार ने जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपा है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनके पिता संपत सिंह पिता प्रतापसिंह के नाम ग्राम छिपन्या के खसरा नंबर 115 , ग्राम गोलढाना के खसरा नंबर 28 रकबा खसरा नंबर 118 की भूमि पूर्व से दर्ज है। उक्त भूमि पैतृक है, जो उन्हें वर्ष 1971-72 के बंटवारे में प्राप्त हुई थी। परंतु राजस्व त्रुटि के कारण वर्षों तक उनका नाम खसरे में दर्ज नहीं हो सका। यह त्रुटि भी अब उच्च न्यायालय जबलपुर एवं एसडीएम मुलताई के आदेशों के माध्यम से दुरुस्त के आदेश हो चुके है। विक्रमसिंह परमार का आरोप है कि ग्राम के ही खेमू एवं उसके साथी आकाश ने मिलकर राजस्व विभाग को झूठी शिकायतें की और झूठा प्रचार कर किसान एवं अधिकारियों की छवि खराब करने का षड्यंत्र किया। जबकि स्वयं अनावेदक का रिकॉर्ड अवैध गतिविधियों से भरा हुआ है। पूर्व में उस पर रेत, मुरम एवं ईंट के अवैध व्यापार को लेकर खनिज विभाग एवं तहसीलदार द्वारा कार्यवाही भी की जा चुकी है।

## वेयर हाउस प्रबंधक की लापरवाही से गरीबों के अनाज में सेंधमारी का खतरा

### नहीं रहते प्रबंधक, कर्मचारियों के भरोसे बंट रहा अनाज

**आमला, देशबन्धु।** ब्लॉक की 37 शासकीय दुकानों को राशन वितरित झीटापाटी वेयर हाउस से होता है। इसके बाद राशन दुकान से लोगों को बांटा जाता है। वर्तमान में बारिश के मद्देनजर राशन दुकान पर तीन माह का राशन पहुंचाया जा रहा है, ताकि पात्र परिवार तक राशन पहुंच सके और गरीबों को असुविधा ना हो। सरकार बारिश को देखते हुए गरीबों की चिंता कर रही है, लेकिन इस वेयर हाउस का संचालन करने वाले प्रबंधन को इसकी कोई चिंता नहीं है, वे घर बैठे वेयरहाउस का संचालन कर रहे हैं। इस तरह की स्थिति से गरीबों के अनाज पर सेंधमारी होने का खतरा मंडरा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मध्य प्रदेश शासन के अधीनस्थ वेयरहाउस में प्रबंधक की स्थाई नियुक्ति की गई है, ताकि उचित देख रेख हो सके, प्रबंधक घर से बैठकर वेयरहाउस संचालित कर रहे हैं। वेयरहाउस की क्षमता 5625 मेट्रिक टन है । वर्तमान में राशन दुकानों से गरीब परिवारों को तीन माह का राशन वितरण किया जा रहा है। ग्राम झिटापाटी वेयरहाउस प्रबंधक का रोजाना उपस्थित न होने को लेकर नाम ना लिखने की शर्त पर जानकारी उपलब्ध कराई गई थी वेयरहाउस प्रबंधक माह 5 से 10 दिन की वेयरहाउस आते हैं बाकी दिन कार्य सुपरवाइजर एवं कर्मचारियों के भरोसे वेयरहाउस संचालित हो रहा है इसकी जानकारी लगने के बाद वेयरहाउस पहुंचकर सत्यता की जांच वेयरहाउस प्रबंधक अनुपस्थित मिले इस संबंध में सुपरवाइजर एवं कर्मचारी से प्रबंधक उपस्थिति को लेकर पूछा गया है तो कर्मचारी गोलमोल जवाब देने लगे एवं सर छुट्टी पर है। यह बताया गया ।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है संबंधित विभाग की चर्चा करता हूं।

**नरेंद्र सूर्यवंशी, कलेक्टर**

वेयरहाउस प्रबंधन की आज छुट्टी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वेयर हाउस प्रबंधक ने लिखित रूप से कोई छुट्टी नहीं ली है।

**नर्मदा प्रसाद कीर,**
**वेयरहाउस जिला प्रबंधक**

### इन दुकानों में वेयरहाउस से पहुंचता है अनाज

ग्राम झिटापाटीत स्थित मध्य प्रदेश वेयरहाउस इन शासकीय राशन दुकानों को राशन वितरित करता है । जिनमें 1तोरणवाड़ा,2 कनोजिया, 3 ठानी,4 अन्धारीया,5 ससाबड़1,6 ससाबड़2, 7 नान्दपुर,8 रमली,9 छिपन्या पिपरीया,10 नरेर ,11 जम्बाड़ा,12 कुटखेड़ी,13 रतेड़ाकला ,14 छावल 15 देवगाव ,16 बोरी,17 खापा खतेड़ा,18 ससुन्द्रा,19 बेलमडंई,20 बोथीया, 21तिरमऊ 22,हरदोली,23परसोड़ा, 24 लालावाड़ी 25, बारगंवाडी, 26जामदेही, 27 लादी, 28 सुरनादेही,29 अवारीया, 30 परसोडी, 31देवपिपरीया, 32जामदेही खूर्द, 33 राम्भाखेड़ी एवं नगरीय क्षेत्र चार शासकीय राशन दुकान 1 आमला न 01, 2 आमला न 02, 3 मध्य रेलवे भण्डार आमला, 4 बोड़खी।

## पीएम आवास में रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए न्याय के लिए बारिश में बैठे



**बैतूल, देशबन्धु।** आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत डेडवाकुंड के 70 से अधिक ग्रामीणों ने पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए रोजगार सहायक को तत्काल निलंबित करने की मांग की। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के लिए ग्रामीण बरसते पानी में कलेक्टर ऑफिस के सामने डटे रहे। ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के नाम ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि रोजगार सहायक विक्रम यादव ने पीएम आवास योजना के तहत हर हितग्राही से 5-5 हजार रुपये लेकर उन्हें योजना का लाभ तक नहीं दिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, उनके खातों में मजदूरी की राशि न भेजकर वह लेबर पेमेंट किसी अन्य के खाते में डलवाकर खुद वसूली करता है। यह लगातार तीनों ग्रामों में कर रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार सहायक का व्यवहार भी बेहद अभद्र है। वह महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करता है। ग्रामीणों की मांग है कि रोजगार सहायक को तत्काल पद से हटाया जाए ताकि वह और किसी आदिवासी पंचायत में जाकर इस तरह का भ्रष्टाचार और शोषण न कर सके। ग्रामीणों ने बताया कि वह लगभग 20 से 25 लोगों से पैसा वसूल चुका है और आज तक किसी को भी लाभ नहीं दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पंचायत डेडवाकुंड के सरपंच हीरू नेमीचंद बारस्कर, उपसरपंच, पूर्व सरपंच महादेव बारस्कर, परमेश बास्कर, करण धाड़से, कोरकू समाज के ग्रामीणजन एवं सैकड़ों युवा शामिल रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि वे कलेक्टर कार्यालय में एक घंटे तक रुके रहे, लेकिन किसी अधिकारी ने उनसे मुलाकात नहीं की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर लायंस क्लब और गुरुकृपा हॉस्पिटल ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# डॉक्टरी पेशा नहीं, समाज सेवा का मिशन है : डॉ. हुरमाड़े

**बैतूल, देशबन्धु।** जिस समाज में चिकित्सकों का सम्मान होता है, वहां संवेदना, सेवा और समर्पण की नींव सबसे मजबूत होती है। बैतूल जिले ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर इस भाव को पूरी गरिमा और गरमजोशी से साकार किया। दो संस्थाओं रिलायंस इंटरनेशनल लायंस क्लब बैतूल सिटी और गुरु कृपा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मिलकर एक ऐसा आयोजन किया जो सामाजिक चेतना और सौहार्द का एक प्रेरक उदाहरण भी बन गया। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बैतूल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम दो चरणों में सम्पन्न हुआ पहला, बैतूल जिला चिकित्सालय के सभागृह में औपचारिक सम्मान समारोह के रूप में और दूसरा, गुरु कृपा हॉस्पिटल मल्टी केयर परिसर में स्नेह भोज के साथ। कार्यक्रम की अगुवाई रिलायंस इंटरनेशनल लायंस क्लब बैतूल सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन बी.आर. कुबड़े और गुरु कृपा हॉस्पिटल के संचालक द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉक्टर सिर्फ रोगों के नहीं, समाज के संरक्षक हैं, और उनका सम्मान समाज की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस आयोजन का उद्देश्य जिले भर में स्वास्थ्य सेवाओं में लगे डॉक्टरों के योगदान को सम्मानित करना है। इस सम्मान समारोह में जिला चिकित्सालय बैतूल के डॉक्टरों के साथ-साथ प्राइवेट क्लीनिक, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा दे रहे चिकित्सकों को लेंसकार्ट की ओर से विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित डॉक्टरों में डॉ. मनोज हुरमाड़े जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. जगदीश घोरे सिविल सर्जन, डॉ. रानू वर्मा, डॉ. तरुण साहू, डॉ. रोहित पराते, डॉ. आनंद मालवीय, डॉ. प्रतिभा रघुवंशी, डॉ. अरुण श्रीवास्तव, डॉ. अशोक बरंगा, डॉ. राजेंद्र देशमुख, डॉ. लश्करे सहित अनेक चिकित्सक शामिल रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ और कनिष्ठ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को विशेष स्वरूप दिया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में गुरु कृपा हॉस्पिटल परिसर में स्नेह भोज का आयोजन हुआ, जहां चिकित्सकों के साथ-साथ सामाजिक पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। इस दौरान सौहार्द और संवाद की ऊर्जा वातावरण में स्पष्ट झलक रही थी। डॉ. मनोज हुरमाड़े ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि डॉक्टरी एक पेशा ही नहीं, यह समाज सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सच्चा डॉक्टर वही है जो पीडि़त के चेहरे पर मुस्कान लौटा सके।

### नवनियुक्त सीएमएचओ से मिले सामाजिक पदाधिकारी


**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की पदस्थापना के बाद सामाजिक संगठन सक्रिय हो गए हैं। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर जागरूकता और संवाद की दिशा में कदम उठाते हुए जिले के प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर श्रवण परते, अधिवक्ता शशिकांत नागले, संतु सूर्यवंशी, चंद्रभान बडोदे सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य अधिकारी का स्वागत किया। स्वागत-सत्कार के उपरांत प्रतिनिधियों ने जिले की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, समय पर चिकित्सकों की उपलब्धता, एम्बुलेंस सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति पर चिंता जताई। अधिवक्ता शशिकांत नागले ने बताया कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में योग्य डॉक्टरों की कमी होने के कारण लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल या निजी क्लीनिक की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ता है।





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# मध्यप्रदेश सरकार की "एक संवेदनशील पहल"




# पीएमश्री

## एयर एम्बुलेंस सेवा

प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटनाग्रस्त लोगों की आपातकाल में त्वरित सहायता के लिए मध्यप्रदेश सरकार की एक परिवर्तनकारी पहल। अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं और उपकरणों से सुसज्जित इस सेवा के माध्यम से मुश्किल समय में त्वरित जीवनरक्षक समाधान मिलने से आमजन को समय रहते मिलेगी उचित उपचार की सुविधा।



## स्वस्थ और सुरक्षित मध्यप्रदेश का संकल्प

- ₹ 592 करोड़ की लागत से उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन
- वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय एवं 13 निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित
- 55 जिला चिकित्सालयों में भारतीय जन औषधि केंद्रों और 800 आयुष आरोग्य मंदिर का संचालन प्रारंभ
- 8 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय निर्माणाधीन एवं पीपीपी मोड पर 12 चिकित्सा महाविद्यालय शीघ्र होंगे प्रारंभ
- 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग आयुष्मान भारत योजना से ले रहे लाभ

D-18827/25

**आपातकालीन सहायता के लिए सम्पर्क करें : 9111777858**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025